RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 198 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 08 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# धर्मांतरण के मास्टर माइंड छांगुर का अड्डा ध्वस्त

## आलीशान कोठी पर गरजा 'बाबा का बुल्डोजर'






**बलरामपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में अवैध धर्मांतरण गैंग चलाने वाले जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की अवैध संपत्ति पर योगी सरकार ने एक्शन शुरू कर दिया है। बलरामपुर के अतरौला में जमालुद्दीन की आलीशान कोठी पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। ये कोठी अवैध तरीके से बनाई गई थी। बताया जा रहा है कि यह वही कोठी है। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## जमालुददीन की हरकतें राष्ट्रविरोधी : मुख्यमंत्री



धर्मांतरण के मास्टर माइंड जमालुददीन की कोठी पर बुल्डोर एक्शन से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जमालुउद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। राज्य में शांति, सौहार्द और महिलाओं की सुरक्षा को भंग करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्हें कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज के लिए एक उदाहरण बने।

# नोएडा एयरपोर्ट-यमुना एक्सप्रेस-वे वाला इंटरचेंज बनकर तैयार

## केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की 'एक पेड़ माँ के नाम-2.0' अभियान की शुरूआत





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के पास जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को यमुना ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे से जोड़ने वाले इंटरचेंज का आज केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने निरीक्षण किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इंटरचेंज पर 'एक पेड़ माँ के नाम-2.0' अभियान की शुरूआत भी की।

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा शहर के पास जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए इंटरचेंज बनकर तैयार हो गया है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला बेहद खास इंटरचेंज अब लगभग पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। इस इंटरचेंज पर ट्रायल अगले सप्ताह से हल्के वाहनों से शुरू किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां तेज कर दी गई।

ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे नोएडा एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ते हुए फरीदाबाद के सेक्टर-65 तक बन रहा है। इसका काम करीब 45 प्रतिशत पूरा हो गया है। एयरपोर्ट से यमुना एक्सप्रेसवे तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे इंटरचेंज बन चुका है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होते ही इस पर यातायात शुरू कर दिया जाएगा। 30.4 किलोमीटर लम्बे इस एक्सप्रेसवे का निर्माण जारी है। इस इंटरचेंज को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से भी जोड़ा जाएगा। इंटरचेंज का निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के लिए आज केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी पहुंचे। उनके साथ केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टमटा, गौतमबुद्धनगर के सांसद (शेष पृष्ठ-5 पर)

# ग्रेटर नोएडा में कंपनी के मैनेजर ने की आत्महत्या

## पत्नी ने भी की जान देने की कोशिश



**नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र में रहने वाले एक कंपनी के मैनेजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मैनेजर की पत्नी ने भी फांसी लगा ली थी लेकिन उनकी जान बच गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना से आसपास के लोग सन्न रह गए। दंपत्ति ने आत्महत्या जैसा घातक कदम क्यों उठाया। इसके पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है।

ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र में साइट फाइव स्थित कियान कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत शिवम सिंह परिहार पुत्र उजागर सिंह निवासी धर्मपुर थाना अशोकनगर जिला फतेहपुर हाल पता सेक्टर-36 में अपने पत्नी व बच्चों के साथ किराए पर रह रहे थे। मंगलवार सुबह शिवम सिंह परिहार उनकी पत्नी अपने घर में फांसी के फंदे पर लटके मिले। दोनों को फंदे पर लटका देखकर परिजनों ने उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक शिवम सिंह की मौत हो गई थी और उनकी पत्नी की सांसे चल रही थी। शिवम सिंह की पत्नी को (शेष पृष्ठ-5 पर)

## रोडरेज में कार चालक से मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र में कार की टक्कर लगने पर बाइक सवार ने अपने साथियों के साथ मिलकर चालक की जमकर पिटाई की और उसे घायल कर दिया। आरोपियों ने चालक की कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्राम लडपुरा निवासी नीरज भाटी पुत्र महाराज सिंह ने बताया कि 3 जुलाई की रात्रि करीब एक बजे वह अपनी वेगनार कार से कासना पेट्रोल पंप पर सीएनजी डलवाने जा रहा था। पेट्रोल पंप पर पहुंचने से पहले उसकी कार एक बाइक से हल्की सी टकरा गई। इसके बाद वह नीचे उतरा तो बाइक सवार ने उसके साथ बदतमीजी करनी शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो बाइक सवार ने कुछ लोगों को फोन कर बुला लिया। थोड़ी देर में सेंट्रो कार से कुछ युवक आए और (शेष पृष्ठ-5 पर)

## सबूत मिटाने पर एफआईआर

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा थाना सेक्टर-49 में एक व्यक्ति के खिलाफ साक्ष्य उपलब्ध न कराने तथा उन्हें नष्ट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। सेक्टर-47 चौकी प्रभारी सोनू कुमार ने ग्राम सभा को निवासी राकेश राय पुत्र परमेश्वर राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज मुकदमे में उन्होंने बताया कि एससी/एसटी एक्ट के मामले में सहायक पुलिस आयुक्त तृतीय नोएडा द्वारा विवेचना की जा रही है। एसीपी के निर्देश पर वह मुकदमे में प्रकाश में आए आरोपी राकेश राय को साक्ष्य के लिए 94 बीएनएसएस का नोटिस तामील कराने के लिए गए थे। यहां पर राकेश राय से उनके सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर से कुछ फुटेज मांगी गई। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** जानलेवा हमले के आरोप में वांछित चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को थाना फेस 2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस इसके 6 साथियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया। दीपक पर फरार चलने के कारण 25000 रूपये का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि बीते दिनों इलाहाबास गांव में झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने पीड़ित के घर में घुसकर जमकर मारपीट की थी और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। पुलिस इस मामले में छह आरोपियों को पूर्ण गिरफ्तार का जेल भेज चुकी है।

## मोबाइल स्नेचर गिरफ्तार 6 फोन बरामद

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 पुलिस ने एक शातिर मोबाइल स्नेचर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से छीने गए छह मोबाइल फोन व चाकू बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि पुलिस गढ़ी गोल चक्कर पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सेक्टर-65 में मोबाइल छिनैती की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी टीपीनगर चौराहे के पास खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम टीपी नगर चौराहे पर पहुंची। पुलिस को देखकर वहां खड़ा एक युवक भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछाकर उक्त युवक को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक चाकू व 6 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम शिवम पुत्र सुमन पाल निवासी मुजफ्फरनगर बताया। आरोपी ने बताया कि हाल में कुलेसरा गांव में रह रहा है। शिवम ने बताया कि वह राह चलते लोगों से मोबाइल (शेष पृष्ठ-5 पर)

## गाड़ी में डालकर ले गये जंगल मारपीट कर रास्ते में फेंका



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख में एक युवक ने अपने साले सहित चार लोगों के खिलाफ गाड़ी में डालकर जंगल में ले जाकर मारपीट करने का आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि नामजद लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी विकास शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 जून की रात्रि को उसके साले पंकज शर्मा ने उसे फोन कर मिलने के लिए गौर सिटी ग्रेटर नोएडा बुलाया। वह अपने साढू श्यामवीर के घर गौर सिटी शाहबेरी जा रहा था इस दौरान पेट्रोल पंप के पास पंकज शर्मा अपने साथियों के साथ पहले से मौजूद था जैसे ही वह पंकज के पास पहुंचा तो उसने तथा उसके साथियों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के मुताबिक उसके साढू श्यामवीर ने जब बीच बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे धक्का देकर अलग कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे अपनी कार में डाल लिया और मारते हुए जंगल में ले गए। विकास शर्मा के मुताबिक सभी आरोपी पिस्तौल और हथियार से लैस थे। मारपीट के दौरान उसकी सोने की चेन, अंगूठी और 11500 कहीं गिर गए। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## जालसाजों पर लगाया गैंगस्टर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जमाधन पर 4 प्रतिशत ब्याज दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले दो शातिर जालसाजों के खिलाफ थाना बादलपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों को प्राइस चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम बैनिंग एक्ट 1978 की धारा के तहत पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार भड़ाना ने बताया कि सुदेश कुमार उर्फ टिल्लू पुत्र विशंभर सिंह निवासी चांदनी बहादुरगढ़ हापुड़ तथा कपिल चौहान पुत्र रामपाल सिंह चौहान निवासी हिंडन विहार सेक्टर-49 के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 के तहत गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों ने भौतिक एवं आर्थिक लाभ कमाने के लिए एक संगठित आपराधिक गिरोह बना रखा है जो अंतर्जनपदीय स्तर पर सक्रिय है। आरोपियों के खिलाफ प्रवीण कुमार (शेष पृष्ठ-5 पर)

## पत्नी के गले व चेहरे पर धारदार हथियार से हमला

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जारचा क्षेत्र के खटाना गांव में एक दंपत्ति के बीच हुए वाद-विवाद ने खूनी रूप ले लिया। वाद-विवाद के दौरान पति ने ब्लेड से अपनी पत्नी के गले व चेहरे पर कई वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता के भाई ने अपने बहनोई के खिलाफ जानलेवा हमला करने के प्रयास में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम खटाना निवासी राजेश कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहन ज्योति की शादी 6 वर्ष पूर्व ग्राम जावली थाना टीला मोड़ जनपद गाजियाबाद निवासी कपिल के साथ हुई थी। पिछले करीब एक माह से कपिल ससुराल में ही रह रहा था। 6 जुलाई की शाम को किसी बात को लेकर कपिल ने ज्योति के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। दोनों के बीच झगड़ा इस कदर बढ़ा कि कपिल ने ज्योति को जान से मारने की नीयत से उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। कपिल ने धारदार हथियार से ज्योति के गले व चेहरे पर कई वार किए जिससे वह लहूलुहान हो गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह ज्योति को कपिल के चंगुल से बचाया। राजेश कुमार ने अपने बहनोई के खिलाफ थाना जारचा में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## ससुराल जा रहे दामाद को पीटा, दी धमकी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी व ससुराल वालों के खिलाफ गाली-गलौज कर मारपीट करने का आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

गोविंदपुरम गाजियाबाद निवासी कृष्ण सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी भावना रावल के साथ गाजियाबाद में रह रहा है। 26 जून को उसकी पत्नी ने उसे अपने मायके जाने को कहा। पत्नी के कहने पर वह उसे उसके घर छोड़ने के लिए जा रहा था। रास्ते में उसकी पत्नी ने नवीन अस्पताल के सामने कार रोकने को कहा। जब वह कार से नीचे उतरा तो उसे उसकी ससुराल वाले खड़े दिखाई दिए। गाड़ी से उतरते ही चंद्र प्रकाश रावल, अशोक रावल, भावना रावल तथा कुछ अन्य अज्ञात लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## चोरी के तार के साथ दबोचा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी किए गए बिजली के तार के बंडल बरामद हुए हैं। आरोपी ने यह तार एक सोसायटी से चोरी किए थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर-99 नोएडा के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एसबीआई बैंक तिराहा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबिर द्वारा बताए गए संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी में उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए बदमाश के पास से मिले प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से बिजली के केवल का रोल बरामद हुआ।

पूछताछ में पकड़े गए चोर ने अपना नाम रंजीत कुमार पुत्र मूलचंद ग्राम सोहेला जनपद खेड़ी बताया। पकड़ा गया आरोपी हाल में भंगेल में किराए पर रह रहा है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उसने बताया कि बरामद बिजली का तार उसने एक सोसायटी से चोरी किया था। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## नलगढ़ा में प्राधिकरण की जमीन पर फर्जी बैनामा

### कंपनी को 76 लाख रूपये में बेची, जालसाजों ने दी जान से मारने की धमकी




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा में जमीनों के भाव आसमान छू रहे हैं। जमीनों के बढ़ते भाव के कारण यहां ठग और जालसाज भी सक्रिय है। जमीन लेने का सपना देखने वाले लोगों को यह जालसाज अपने जाल में फंसाकर उनकी गाढ़ी कमाई को हड़प रहे हैं। आए दिन जमीन बेचने के नाम पर ठगी के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नोएडा के थाना-142 क्षेत्र में प्रकाश में आया है। यहां जालसाजों ने नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि का एक कंपनी को फर्जी बैनामा कर 76 लाख रुपए हड़प लिए।

सेक्टर-100 प्रदीप सिंह ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह सिंह वाहिनी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक और अधिकृत प्रतिनिधि है। उसके कार्यालय पर प्रॉपर्टी डीलर नरेंद्र लोहिया, प्रवेश, सन्नी डेढ़ा, परवीन डेविड निवासी मोहियापुर आए। प्रॉपर्टी डीलर नरेंद्र ने प्रवेश आदि का परिचय कराते हुए बताया कि इन लोगों की एक कृषि भूमि ग्राम नलगढ़ा में जिसे यह बेचना चाहते हैं। प्रवेश आदि ने उसे जमीन की खसरा खतौनी रजिस्टर दान पत्र आदि अल दस्तावेज दिखाएं और बताया कि उक्त भूमि राज्य सरकार तथा नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा अधिकृत नहीं की गई है उनके पूर्वजों ने भी उक्त भूमि का मुआवजा नहीं लिया है। जमीन के दस्तावेज देखने के बाद दोनों के बीच 110510400 में सौदा तय हुआ। 21 फरवरी 2024 को दोनों पक्षों के बीच इकरारनामा हुआ। प्रदीप सिंह के मुताबिक जमीन का इकरारनामा उसकी कंपनी सिंह वाहिनी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम किया गया। इस दौरान उसने 15 लाख रुपए की स्टांप ड्यूटी भी अदा की। जमीन का सौदा होने के बाद प्रॉपर्टी डीलर नरेंद्र लोहिया ने भी उसे 10 लाख रुपए कमीशन के रूप में लिए। (शेष पृष्ठ-5 पर)

## तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा




**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने तमंचे व कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान सर्फाबाद गांव की तरफ से एक युवक पुलिस को देखकर सकपका कर जाने लगा। संदेह के आधार पर उक्त युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम मोनू कुमार पुत्र रोहतास कुमार निवासी ग्राम सर्फाबाद बताया। मोनू कुमार ने बताया कि बरामद तमंचे को वह अपने शौक तथा लोगों को डराने के लिए अपने पास रखता है। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## 'भरत मिलाप'

हमारी राजनीति का स्तर कितना नकारात्मक व अवसरवादी हो चला है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध को राजनीति साधने का अस्त्र बना लिया गया। विडंबना यह है कि जिस राज्य से सारे देश को एकता के सूत्र में पिरोने की सामाजिक सांस्कृतिक मुहिम संघ द्वारा चलायी जा रही है, उसी राज्य से राष्ट्र की संपर्क भाषा के खिलाफ भाषायी कट्टरपंथ को हवा दी जा रही है। विसंगति देखिए कि मराठी भाषा के नाम पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे बीस साल बाद एक मंच पर एकजुट हुए हैं। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध पर 'भरत मिलाप' हुआ है। कभी हिंदी विरोध के जो सुर तमिलनाडु में सुनायी देते थे, वे अब महाराष्ट्र में भी तेजी से मुखर हो रहे हैं। मुंबई को भारत की आर्थिक राजधानी कहा जाता है, जिसमें योगदान देने के लिये उत्तर भारत के राज्यों के तमाम लोगों योगदान देते हैं। जहां बनने वाली हिंदी फिल्में इस राज्य की समृद्धि का आधार रही हैं। उसी राज्य में हिंदी बोलने वालों लोगों से मारपीट तक के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। निश्चय ही ये भारत की संघीय अवधारणा की जड़ों पर प्रहार ही है। निश्चय रूप से इस सोच के मूल में भाजपा के राजनीतिक वर्चस्व को तोड़ना और मुंबई नगर निगम व राज्य की सत्ता पर काबिज होने की महत्वाकांक्षा ही है। लेकिन यह सोच राष्ट्रीय एकता व भाषायी सद्भाव को पलीता लगाने का ही कुत्सित प्रयास है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आजादी के सात दशक बाद भी देश में जनता को विकास व तार्किक मुद्दों के बजाय संकीर्ण अस्मिता के नाम पर बरगलाया जा रहा है। उन मुद्दों को हवा दी जा रही है जिनके बूते महाराष्ट्र में शिव सेना अस्तित्व में आयी। विडंबना यही है कि ऐसे तत्वों को यदि राजनीतिक मंसूबे पूरा करने में सफलता मिलती है तो इसका नकारात्मक संदेश पूरे देश में जाएगा। बहुत संभव है कि देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संकीर्ण भाषायी विरोध की राजनीति मुखर होने लगे। जो राष्ट्रीय एकता व सद्भाव के लिये एक बड़ी चुनौती होगी। निस्संदेह, भारतीय लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि राजनीतिक दल सकारात्मक मुद्दों व विकास की प्राथमिकताओं को अपना एजेंडा बनाएं। दरअसल, सकारात्मक राजनीति में हाशिये पर गए दल ही सफलता के शॉर्टकट के रूप में ऐसे भावनात्मक मुद्दों को हवा देकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। आज पूरी दुनिया विज्ञान की क्रांति व अभिव्यक्ति के तकनीकी विकास से एकजुट हो रही है, वहीं हम भाषीय संकीर्णताओं में उलझकर प्रगति के पहिए को थामने की कोशिशों में लगे हुए हैं। भले ही हमारी मातृभाषा कुछ भी हो, लेकिन पूरे देश में एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की उपयोगिता को खारिज नहीं किया जा सकता है। कई राज्यों में त्रिभाषा फार्मूले के रूप में शिक्षा के प्रसार में सात समुंदर पार की अंग्रेजी भाषा के अंगीकार में तो कोई परहेज नहीं है, लेकिन तमाम भारतीय भाषाओं के शब्दों को समेटे देश के स्वतंत्रता आंदोलनकारियों द्वारा स्वीकृत हिंदी का विरोध किया जा रहा है। ये दुर्भाग्यपूर्ण ही है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सब देवता बैठकर विचार करने लगे कि प्रभु को कहाँ पावें ताकि उनके सामने पुकार ( फरियाद ) करें। कोई बैकुंठपुरी जाने को कहता था और कोई कहता था कि वही प्रभु क्षीरसमुद्र में निवास करते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जाके हृदयँ भगति जसि प्रीती। प्रभु तहँ प्रगट सदा तेहिं रीती॥**
**तेहिं समाज गिरिजा मैं रहेऊँ। अवसर पाइ बचन एक कहेउँ॥**

जिसके हृदय में जैसी भक्ति और प्रीति होती है, प्रभु वहाँ (उसके लिए) सदा उसी रीति से प्रकट होते हैं। हे पार्वती! उस समाज में मैं भी था। अवसर पाकर मैंने एक बात कही- ॥

**हरि ब्यापक सर्बत्र समाना। प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना॥**
**देस काल दिसि बिदिसिहु माहीं। कहहु सो कहाँ जहाँ प्रभु नाहीं॥**

मैं तो यह जानता हूँ कि भगवान सब जगह समान रूप से व्यापक हैं, प्रेम से वे प्रकट हो जाते हैं, देश, काल, दिशा, विदिशा में बताओ, ऐसी जगह कहाँ है, जहाँ प्रभु न हों॥

**अग जगमय सब रहित बिरागी। प्रेम तें प्रभु प्रगटइ जिमि आगी॥**
**मोर बचन सब के मन माना। साधु-साधु करि ब्रह्म बखाना॥**

वे चराचरमय (चराचर में व्याप्त) होते हुए ही सबसे रहित हैं और विरक्त हैं (उनकी कहीं आसक्ति नहीं है), वे प्रेम से प्रकट होते हैं, जैसे अग्नि। (अग्नि अव्यक्त रूप से सर्वत्र व्याप्त है, परन्तु जहाँ उसके लिए अरणिमन्थनादि साधन किए जाते हैं, वहाँ वह प्रकट होती है। इसी प्रकार सर्वत्र व्याप्त भगवान भी प्रेम से प्रकट होते हैं।) मेरी बात सबको प्रिय लगी। ब्रह्माजी ने साधु-साधु कहकर बड़ाई की॥

( क्रमशः... )

# न्यायालय में निर्णायक मोड़ लेता श्रीकृष्ण जन्मभूमि मसला

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर में स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को 'विवादित संरचना' घोषित करने की हिंदू पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में अदालती रिकॉर्ड और आगे की सभी कार्यवाहियों में मस्जिद को आधिकारिक रूप से विवादित स्थल के रूप में दर्ज करने की मांग की गई थी। अदालत ने मौखिक रूप से याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस संबंध में हिंदू पक्ष द्वारा दायर आवेदन को इस चरण में खारिज किया जा रहा है। इस फैसले को लंबे समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई में मुस्लिम पक्षकार भले ही राहतकारी माने, लेकिन न्यायिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक अस्मिता के संघर्ष में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह भूमि विवाद पर जो भी फैसला अंतिम रूप से आएगा, वह बहुत प्रभावी होगा, न्यायसंगत होगा। अत: ऐसे किसी पुख्ता फैसले तक पहुंचते हुए पूरी सावधानी एवं धैर्य से आगे बढ़ना चाहिए। इस फैसले से इस विवाद में एक नया रुख सामने आया है, जो महत्वपूर्ण और विचारणीय है।

याचिका में यह मांग की 'शाही ईदगाह मस्जिद' शब्द की जगह 'विवादित ढांचा' शब्द का इस्तेमाल किया जाए, अगर यह शाब्दिक बदलाव किया जाता, तो एक तरह से यह इस विवाद पर निर्णायक फैसले जैसा होता। जिससे अनावश्यक विवाद या अड़चन की संभावनाएं पनपती। यह विवाद राजनीति मोड़ भी ले सकता था, निश्चित ही अगर राजनीति होगी, तो अंतिम फैसले में अनावश्यक रूप से समय लगेगा। साथ ही, अशांति की आशंका भी बढ़ेगी। इसलिये अदालत के फैसले को सकारात्मक नजरिये से देखा जाना चाहिए। नए नामकरण की यह कोशिश उच्च न्यायालय में अगर नाकाम हुई है, तो कोई अचरज नहीं, ना ही किसी पक्ष की जीत और किसी पक्ष की हार है। इतने संवेदनशील मसले में यह नामकरण पूरे मुकदमे को प्रभावित करता, अत: अदालत ने समझदारीपूर्ण सही फैसला किया है। 'श्रीकृष्ण जन्मभूमि' का स्थान न केवल करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है, बल्कि भारतीय संस्कृति और इतिहास का अमिट प्रतीक भी है। परंतु, इसी पवित्र स्थल पर स्थित शाही ईदगाह मस्जिद के साथ एक लंबे समय से विवाद चला आ रहा है जो अब न्यायालय की चौखट पर निर्णायक मोड़ लेता दिखाई दे रहा है।

जन्मभूमि पक्ष के याचिकाकर्ताओं का यह दावा है कि शाही ईदगाह मस्जिद भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान पर स्थित है, अत: जन्मभूमि पक्ष को भूमि पर कब्जा दिया जाए। मस्जिद के ढांचे को हटाया जाए, मूल मंदिर का निर्माण हो, वहां मुस्लिम मजहबी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। इन्हीं मांगों के साथ जन्मभूमि पक्ष की ओर से करीब 18 मुकदमे दायर हैं। इनकी सुनवाई यथावत जारी रहेगी। नामकरण संबंधी आवेदन के खारिज होने का कोई असर मूल मुकदमों पर नहीं पड़ेगा। अब दोनों ही पक्षों को पूरे संयम का परिचय देना चाहिए। अदालत का ताजा रुख न किसी के लिए बड़ी हार है और न किसी के लिए बड़ी जीत। महत्वपूर्ण बात यह है कि जन्मभूमि के पक्ष में दायर याचिकाओं को अदालत ने सुनने लायक माना है। जब नामकरण या नाम परिवर्तन की कोशिशों पर अदालत ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है, तब जन्मभूमि पक्ष को छोटे-छोटे फैसले कराने की कोशिश करने के बजाय बड़े फैसले तक पहुंचने की तैयारी एवं जल्दी दिखानी चाहिए, यह विवाद जितनी जल्दी सुलझ जाए, उतना अच्छा है। श्रीराम मन्दिर-अयोध्या की तरह श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराकर वहां भव्य मन्दिर निर्माण की ओर



**श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ने 1968 में शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के साथ दस बिंदुओं पर बिना किसी अधिकार के समझौता किया था। 13.37 एकड़ भूमि श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के नाम पर है।**

पहले इन याचिकाओं को ईदगाह पक्ष ने चुनौती दी थी, पर अदालत ने चुनौतियों को खारिज कर दिया था। पिछले वर्ष 1 अगस्त को उच्च न्यायालय ने वक्फ अधिनियम, पूजा स्थल अधिनियम, 1991 और अन्य कानूनों के आधार पर ईदगाह पक्ष की आपत्तियों को खारिज करते हुए जन्मभूमि पक्ष द्वारा दायर याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना था। अब जब सुनवाई आगे बढ़ गई है, तब ऐसी सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुस्लिम कब्जे से मुक्त हो और वहां मन्दिर के निर्माण का स्वप्न आकार ले।

हिंदू याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि मस्जिद की दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं के प्रतीक और रूपांकन अभी भी दिखाई देते हैं। उन्होंने आगे तर्क दिया कि केवल अवैध रूप से भूमि पर कब्जा करने से स्वामित्व स्थापित नहीं होता है और उन्होंने अयोध्या विवाद के साथ समानताएं बताईं। अब सारा ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। देर भले ही लगे लेकिन अदालत का फैसला श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में आना है, क्योंकि इस विवाद में जन्मभूमि पक्ष में पर्याप्त दस्तावेज या सुबूत मौजूद हैं, जिनका अदालत में परीक्षण होना है। निस्संदेह, पूरे परीक्षण और विचार के बाद ही कोई फैसला आएगा। लेकिन इस फैसले की दिशाएं मथुरा को पुराणों, महाकाव्यों और ऐतिहासिक अभिलेखों में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली के रूप में वर्णित उद्धरणों एवं साक्ष्यों से स्पष्ट है। 17वीं शताब्दी में मुगल शासक औरंगज़ेब के शासनकाल में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बने मंदिर को ध्वस्त करके वहां शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया गया। इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के अनुसार, यह मस्जिद मंदिर को ध्वस्त करने उसके अवशेषों पर ही बनाई गई थी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ने 1968 में शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के साथ दस बिंदुओं पर बिना किसी अधिकार के समझौता किया था। 13.37 एकड़ भूमि श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के नाम पर है। जब भूमि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ के नाम पर थी ही नहीं तो उसके द्वारा समझौता कैसे किया जा सकता है? 2020 में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति याचिका के माध्यम से फिर से यह मुद्दा न्यायालय में आया। याचिका में यह दावा किया गया कि 13.37 एकड़ भूमि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली है और वहां मौजूद ईदगाह मस्जिद अवैध है। साथ ही, 1951 का समझौता भी अवैध, असंवैधानिक और शून्य घोषित किए जाने की मांग की गई। 2023 से इलाहाबाद उच्च न्यायालय और मथुरा की जिला अदालतों ने इस मामले को गंभीरता से लेना शुरू किया। अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भूमि की वैज्ञानिक जांच की अनुमति दी, जैसा श्रीरामजन्मभूमि मामले में हुआ था। अदालत ने 1951 के समझौते की वैधता पर सवाल उठाए हैं क्योंकि कटरा केशवदेव ट्रस्ट को जन्मभूमि का संप्रभु प्रतिनिधि नहीं माना जा सकता था।

जन्मभूमि पक्ष की याचिकाओं को प्रारंभिक दौर में ही खारिज करने से इनकार किया गया और मुकदमे की सुनवाई की अनुमति दी गई। करोड़ों हिंदुओं की आस्था एवं ऐतिहासिकता है कि वर्तमान ईदगाह मस्जिद के नीचे श्रीकृष्ण का वास्तविक जन्मस्थान है। पुरातात्विक साक्ष्य भी मंदिर के अवशेषों की पुष्टि करते हैं। औरंगज़ेब द्वारा मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनवाने का स्पष्ट उल्लेख फारसी शिलालेखों व इतिहासकारों की रचनाओं में भी मिलता है। पूजा स्थल अधिनियम-1991 का कानून 15 अगस्त 1947 की स्थिति को बनाए रखने की बात करता है, परंतु श्रीकृष्ण जन्मभूमि एक जीवित और सतत पूजा स्थल है, और इसमें अपवाद की आवश्यकता है जैसा अयोध्या मामले में देखा गया। यह विवाद केवल एक कानूनी लड़ाई नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक न्याय की मांग भी है। यह मसला न्यायपालिका से निष्पक्ष न्याय की अपेक्षा इसलिये भी करता है कि यह अधिसंख्य जनभावनाओं, ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक अस्मिता से जुड़ा हुआ है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद अब केवल इतिहास का विषय नहीं, बल्कि न्याय और आस्था के संतुलन की कसौटी बन चुका है। जैसे अयोध्या में शताब्दियों के संघर्ष के बाद न्याय की विजय हुई, वैसे ही मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि को भी न्याय की प्रतीक्षा है। न्यायालय का नया दृष्टिकोण एक आशा की किरण बनकर उभरा है, जो भविष्य में ऐतिहासिक भूलों को सुधारने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# गरीबी घटने और आर्थिकी बढने् का सुकून

भारत वैश्विक प्रौद्योगिकी दौड़ में एक निर्णायक चौराहे पर खड़ा है जिसके पास बड़े डेटा में अद्वितीय श्रेष्ठता है। डेटा परिसंपत्ति की शक्ति के बल पर देश वैश्विक प्रौद्योगिकी और नवाचार के शीर्ष स्तर पर पहुंचने की संभावना को साकार कर सकता है। निश्चित रूप से देश से गरीबी के तेजी से घटने और अर्थव्यवस्था के तेजी से बढने् के सुकून के बावजूद हमें अभी आम आदमी के कल्याण और प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने के लिए मीलों चलना होगा। यद्यपि भारत 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या की कुल आमदनी के आधार पर जापान को पीछे छोडक़र दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन आत्मसंतुष्ट नहीं होना है।

इन दिनों पूरी दुनिया में हाल ही में प्रकाशित भारत की अत्यधिक गरीबी में तेज कमी आने संबंधी विश्व बैंक की रिपोर्ट तथा भारत की अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढने् संबंधी अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) व विश्व बैंक की रिपोर्टों को गंभीरतापूर्वक पढ़ा जा रहा है। 10 जून को प्रकाशित विश्व बैंक की वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर कमजोर व्यापारिक गतिविधियों और निर्यात में कमी के बीच भी भारत वर्ष 2025-26 में 6.3 फीसदी की विकास दर से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज वृद्धि दर बरकरार रखेगा। जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महज 2.3 फीसदी की वृद्धि होगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों प्रकाशित विश्व बैंक की वैश्विक गरीबी संबंधी रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अत्यधिक गरीबी की स्थिति में रहने वाले लोगों की संख्या में पिछले 11 सालों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है और अत्यधिक गरीबी से करीब 27 करोड़ देशवासी बाहर निकले हैं। विश्व बैंक ने अत्यधिक गरीबी रेखा के निर्धारण के संबंध में जो नए अनुमान जारी किए हैं, उनके मुताबिक निम्न आय वाले देशों के लिए अत्यधिक गरीबी की रेखा 2.15 डॉलर प्रतिदिन के उपभोग व्यय से बढ़ाकर अब प्रतिदिन 3 डॉलर उपभोग व्यय पर निर्धारित की गई है। ऐसे में देश में अत्यधिक गरीब लोगों की जो संख्या 2011-12 में 27.1 फीसदी थी, वह 2022-23 में घट कर केवल 5.3 फीसदी रह गई है। इससे अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। निश्चित रूप से यह परिदृश्य भारत में गरीब कल्याण की दिशा में बड़ी प्रगति का स्पष्ट संकेत करता है।

साथ ही यह परिदृश्य पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गरीब कल्याण को लक्षित करके बनाई गई अत्यधिक लाभकारी योजनाओं की सार्थकता भी प्रस्तुत करता है। खास तौर से देश में करीब 55 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 138 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 119 करोड़ मोबाइल उपभोक्ताओं (एम) की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढांचा गरीबों के सशक्तिकरण में असाधारण भूमिका निभा रहा है। इस जैम के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत 80 करोड़ से अधिक गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से मुफ्त खाद्यान्न वितरित करते हुए उनकी गरीबी को कम करने में अहम भूमिका निभा रहा है। सरकार ने पीएमजीकेएवाई के तहत गरीबों को 2028 तक मुफ्त अनाज दिया जाना सुनिश्चित किया है। गरीबों के सशक्तिकरण से संबंधित कई और योजनाओं से गरीबी घट रही है। इनमें स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ शौचालय और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं शामिल हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि एक ओर जहां भारत में गरीबों के सशक्तिकरण से गरीबी में लगातार कमी आ रही है, वहीं दूसरी ओर भारत तेजी से आर्थिक विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है। हाल ही में प्रकाशित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के नए आंकड़े अर्थव्यवस्था में मजबूती और सुधार को दिखाने वाले हैं। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी ग्रोथ 6.5 फीसदी रही। विशेष रूप से यह भी उल्लेखनीय है कि आईएमएफ की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर 2025 के अंत तक भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2028 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनते हुए दिखाई देगा। इस रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2025 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढक़र 4.187 ट्रिलियन डालर हो जाएगा और यह जापान की जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा होगा। इसमें कोई दो मत नहीं है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तीव्र गति से आगे बढ़ रही है।

इस समय भारत विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बन गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति मजबूत है। निवेशकों का विश्वास बना हुआ है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। निर्यात बढ़ रहे हैं। सरकार के पूंजीगत खर्च बढने् से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। लंबे समय तक दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातित कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। तेजी से बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और शेयर बाजार की ऊंचाई भारत की ताकत है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत आर्थिक विकास और नई तकनीकों के उपयोग की ऊंची संभावनाओं वाला देश बन गया है। निश्चित रूप से देश से गरीबी के तेजी से घटने और अर्थव्यवस्था के तेजी से बढने् के सुकून के बावजूद हमें अभी आम आदमी के कल्याण और प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने के लिए मीलों चलना होगा। यद्यपि भारत 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या की कुल आमदनी के आधार पर जापान को पीछे छोडक़र दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन हमें आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए। स्थिति यह है कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत दुनिया के कई देशों से बहुत पीछे है। जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में लगभग 11.8 गुना अधिक है। ऐसे में अभी हमें देश में गांवों की मजबूती, कृषि क्षेत्र की ऊंचाई और छोटे शहरों के विकास के साथ-साथ आम आदमी की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए अधिक प्रयास करने होंगे। हम उम्मीद करें कि ऐसे प्रयासों से देश में अत्यधिक गरीबी में और कमी आएगी तथा देश की अर्थव्यवस्था भी और तेजी से आगे बढ़ेगी।

**डा. जयंती लाल भंडारी**

# राशिफल

**आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष त्रयोदशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान की स्थिति फिर भी अच्छी है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आनंददायक समय गुजरेगा। जीवनसाथी के साथ बहुत रंगीन समय गुजारेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्य विघ्न-बाधा के साथ संपन्न होंगे। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान में थोड़ी दूरी रहेगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भावुकता पर काबू रखें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम रहेगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
गृह कलह के संकेत हैं। घर में बहुत आराम से रहें। शांत मन से मामलों को निपटाएं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
पराक्रम रंग लाएगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
सितारों की तरह चमकेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। प्रेम, संतान भी अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। खर्च की अधिकता रहेगी। मानसिक परेशानी बनी रहेगी। प्रेम, संतान ठीक है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पार्टनरशिप में दिक्कत बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। अनाप-शनाप खर्चे हो रहे हैं।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
यात्रा का योग बन रहा है। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा।

# डॉ. श्यामा मुखर्जी के जयंती पर जनपद के 16 मंडलों में कार्यक्रम आयोजित



**भदोही।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में आज जनपद के 16 मंडलों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर प्रत्येक मंडल में उनके चित्र एवं मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

इस दौरान मंडल सुरियावा के अंतर्गत ग्राम सभा अबरना में एक विशाल क्रॉस कंट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक वर्ग में 6 किलोमीटर और बालिका वर्ग में 3 किलोमीटर की ओपन क्रॉस कंट्री रेस संपन्न हुई। साथ ही वृद्ध, विधवा, विकलांग, उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों, लोकगीत कलाकारों, ग्राम प्रधान, बीडीसी और योग साधकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी उपस्थित रहे। सभी धावकों को माल्यार्पण कर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्राम सभा अबरना में कैलाश पाल के घर तक 800 मीटर लंबी सड़क निर्माण का शिलान्यास करने का संकल्प भी लिया, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

इसी क्रम में जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 6 जुलाई 1901 को कोलकाता के एक प्रतिष्ठित परिवार में उनका जन्म हुआ था। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी और विख्यात शिक्षाविद् थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश के लिए बलिदान हुए। उनकी मृत्यु का रहस्य आज तक देश को ज्ञात नहीं हो पाया है। उन्होंने अपने जीवनकाल में देश के लिए अपार त्याग और परिश्रम किया।

डॉ. मुखर्जी ने सबसे पहले जनसंघ की स्थापना की थी, जो आगे चलकर 1980 में भारतीय जनता पार्टी में विलीन हुआ। देश के लिए काम करते हुए उन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया और देश को दिशा देने का कार्य किया।

जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि आज उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक कार्य करते हुए कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 हटाकर एक देश, एक संविधान, एक निशान की परिकल्पना को साकार किया। डॉ. मुखर्जी का नारा था—एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे। उसी संकल्प को प्रधानमंत्री मोदी ने मूर्त रूप दिया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर राष्ट्र को समर्पित किया। जनपद के हर मंडल में कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि लगाए गए थे। इन आयोजनों में पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्रा, पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, कन्हैयालाल मिश्र, कैलाश पाल, अखिलेंद्र सिंह बघेल, चिंटू गोवर्धन राय, मनीष पांडेय, राजेंद्र पाल बघेल, शिवम तिवारी, अभिषेक तिवारी, स्वरूप बिंद, राकेश गुप्ता, संजय सरोज, निहाल पासी, पंडित सिंह, दीपक तिवारी, ओमप्रकाश मौर्य, शैलेश पांडेय, अश्विनी कुमार अग्रवाल, सुशील बिंद आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा ने लगवाए पौधे



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा किसान मोर्चा ने जिला गौतम बुद्ध नगर के सभी 11 मंडलों में 100-100 पौधे लगाए। जयंती के अवसर पर ग्राम दुरियाई प्राइमरी स्कूल में कार्यक्रम रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ठाकुर विमल पुंडीर जी रहे। उन्होंने वृक्षारोपण कर बारहवीं पास कर चुकी छात्राओं को सील्ड देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विमल पुंडीर ने कहा कि अपना ध्यान केंद्रित कर लक्ष्य हासिल करें, उच्च शिक्षा प्राप्त करें और अपने आप को कम न समझें। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के चरित्र को अपने जीवन में उतारने से आत्मबल प्राप्त होता है। हमारे देश की राष्ट्रपति भी एक महिला हैं। ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने वाली भारत की बेटियां—लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरेशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह—ने पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की, जो आज भाजपा पार्टी के रूप में जानी जाती है। मुखर्जी बहुत बड़े शिक्षाविद् एवं समाज सुधारक थे। समाज के लिए बहुत से अच्छे कार्य उनके द्वारा किए गए। इस अवसर पर तनवी ग्रुप के संचालक विजय चौहान, पूजा चौहान, पी.टी.आई. बालचंद नागर, भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अजब सिंह प्रधान, मंडल अध्यक्ष श्यामवीर चौहान, प्रदीप राणा, रिफाकत खान, दीपक राणा, लोकेश चौधरी, अनीता देवी, बबीता देवी आदि उपस्थित रहे।

# मीडिया क्लब ने मनाया सचिव जगदीश शर्मा का जन्मदिन





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा मीडिया क्लब में वरिष्ठ पत्रकार एवं नोएडा मीडिया क्लब के सचिव जगदीश शर्मा का जन्मदिन क्लब के सदस्यों द्वारा केक काटकर मनाया गया। मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी के नेतृत्व में जगदीश शर्मा की उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी गई और उनकी लंबी उम्र एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गयी। जन्मदिवस कार्यक्रम के दौरान मीडिया क्लब के महासचिव जेपी सिंह, उपाध्यक्ष अमित चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह, सुमन चौधरी, पवन राज सिंह, धीरेंद्र अवाना, गिरीश नारायण, श्रीकांत सिंह, संदीप गर्ग, अशोक दुबे, योगेश राणा, जितेंद्र प्रसाद सिंह, ईफतजा उस्मानी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# ओबीसी छात्रवृत्ति के लिए आधार सीडिंग व एनपीसीआई मैपिंग अनिवार्य

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौतमबुद्धनगर लवेश कुमार सिसौदिया ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजना एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ओ0बी0सी0 के समस्त पात्र छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि उपलब्ध बजट की सीमा तक आधार पेनेन्ट ब्रिज प्रणाली के माध्यम से छात्र के आधार पेमेंट ब्रिज प्रणाली के माध्यम से छात्र आधार सीडेड बचत बैंक खाते में सीधे भेजी जायेगी। छात्र को बैंक शाखा के माध्यम से बैंक खाते में आधार नम्बर सीडिंग व एन0पी0सी0आई0 से मैपिंग कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में संचालित सम्बन्धित शिक्षण संस्थानों को वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में पूर्वदशम/छात्रवृत्ति योजना एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ओ0बी0सी0 के समस्त पात्र छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि उपलब्ध बजट की सीमा तक आधार पेमेन्ट ब्रिज प्रणाली के माध्यम से छात्र के आधार सीडेड बचत बैंक खाते में सीधे अन्तरित की जायेगी। छात्र को बैंक शाखा के माध्यम से बैंक खाते में आधार नम्बर सीडिंग एन0पी0सी0आई0 से मैपिंग समय-सारणी के अनुसार कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित शिक्षण संस्थाएं आधार नंबर सीडिंग व एन0पी0सी0आई0 से मैपिंग की सूचना अपने विद्यालय के सूचना पट पर अवश्य चस्पा करें।

# पूर्व आईपीएस की पत्नी से ठेकेदार कर रहा दस लाख की अवैध डिमांड

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा की रहने वाली पूर्व आईपीएस की पत्नी कंवलजीत कौर ने एक ठेकेदार पर बुरी तरह से परेशान करने का आरोप लगाया है। वह उनसे दस लाख रु पए की जहां डिमांड कर रहा है। वहीं ग्रेटर नोएडा में मकान निर्माण में घटिया सामग्री लगाकर 35 लाख रु पए ऐंठ लिए हैं। ठेकेदार से तंग परेशान पूर्व आईपीएस की पत्नी की कहीं सुनवाई न होने पर उन्होंने कोर्ट का दरबाजा खटखटाया है। अब ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर कोर्ट ने ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश थाना बीटा टू पुलिस को दिए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूर्व आईपीएस की पत्नी ने राजेश कुमार निवासी खानपुर दिल्ली और देवेंद्र सूद निवासी नोएडा सेक्टर-75 के साथ ग्रेटर नोएडा के पाई वन स्थित दिल्ली पुलिस हाउसिंग सोसाइटी में अपना प्लॉट बनवाने के लिए एक करोड़ तीस लाख रुपए में एग्रीमेंट किया था। एग्रीमेंट में उच्च क्वालिटी का मैटेरियल लगवाने व मकान की गुड़वत्ता बनाए रखने की शत्रे रखी गई थी। छह मार्च 2024 को किए गए एग्रीमेंट में मकान टूटने से जो मलवा निकलेगा उसका धन देने की शर्त भी रखी गई थी। पूर्व आईपीएस की पत्नी से आरोपियों ने तय धनराशि से अधिक 35 लाख रुपए ले लिए। मगर न तो मकान का सही से निर्माण किया और न ही मकान में सरिया, मौरम, गिट्टी घटिया क्वालिटी की लगाई। साथ ही मकान की फिनिशिंग भी नहीं की।

पूर्व आईपीएस की पत्नी ने आरोप लगाया कि जब राजेश से उन्होंने घटिया सामग्री से मकान निर्माण कराने से मना किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच भी की। साथ ही आरोपी न तो 35 लाख रुपए वापस कर रहे हैं। हैरानी की बात है कि आरोपी पीड़िता से दस लाख रुपए की अवैध डिमांड कर रहे हैं और पैसे न देने पर झूंठे मुकद्में में फंसाने की धमकी दे रहे हैं।

करीब दस साल पहले बीमारी के चलते आईपीएस किशन सिंह की मौत हो गई थी। वह उस समय दिल्ली में आईपीएस अधिकारी थे। उनकी जगह पर पत्नी कंवलजीत कौर को नौकरी मिली थी। पत्नी भी अब रिटार्यड हो चुकी हैं। रिटार्यड होने के बाद वह ग्रेटर नोएडा स्थित अपेक्स गोल्फ एवेन्यू में रहती हैं। उनका एक बेटा है, जो विदेश में नौकरी करता है।

# जल उपभोक्ताओं को फर्जी एप से ठगने का धंधा

**नोएडा (चेतना मंच)।** अज्ञात साइबर ठगों द्वारा नोएडा प्राधिकरण के जल उपभोक्ताओं को फर्जी एप के जरिए ठगने की साज़िश रचने का मामला प्रकाश में आया है। जल विभाग द्वारा इस संबंध में उपभोक्ताओं को सचेत करते हुए साइबर थाने पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। जल विभाग के महाप्रबंधक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा प्राधिकरण के जल उपभोक्ताओं को पिछले महीने का जल भुगतान बकाया भुगतान न करने पर रात्रि 9:30 बजे से जल आपूर्ति बंद करने के संदेश भेजने तथा इससे बचने के लिए किसी देवेश जोशी के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने को कहा जा रहा है। साइबर ठगों द्वारा एक फाइल भी उपभोक्ताओं को भेजकर उसपर क्लिक कर भुगतान करने को कहा जा रहा है। जल विभाग ने मामला संज्ञान में आते ही उपभोक्ताओं के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए ठगों के विरुद्ध साइबर थाने पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# व्यावसायिक भूखण्ड योजना तीस जुलाई तक बढ़ी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा व्यवसायिक बिल्डर भूखंड योजना एक व दो को आगामी 30 जुलाई तक बढ़ा दिया है। पहले यह योजना 8 जुलाई तक घोषित की गई थी। इच्छुक निविदाकार पुनरीक्षित नेटवर्थ आदि के साथ 28 जुलाई तक अग्रिम धनराशि जमा कर योजना में भाग ले सकते हैं।

# लोहिया नाला के सीवेज को शोधित करने के लिए हुई बैठक, थैनॉक्स कंपनी ने दिया प्रस्तुतिकरण




**ग्रेटर नोएडा।** लोहिया नाला के सीवेज को शोधित करने के लिए आज 7 जुलाई को ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बोर्ड रूम में बैठक हुई। एसीईओ सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और सुमित यादव की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में M/S Thetano& Consulting Envirotech के प्रतिनिधियों ने प्रस्तुतिकरण दिया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रेटर नोएडा क्षेत्र से होकर गुजरने वाले लोहिया नाले के प्रभावी ट्रीटमेंट की योजना पर विचार-विमर्श करना रहा।

बैठक के दौरान कंपनी द्वारा अपने पूर्व में किए गए कार्यों का विस्तृत प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया। थैनॉक्स टीम ने लोहिया ड्रेन की वर्तमान स्थिति पर आधारित सर्वे रिपोर्ट भी साझा की। इसके अतिरिक्त ग्रेटर नोएडा में सीवरेज ट्रीटमेंट क

प्रस्तावित कार्यों को किस प्रकार से क्रियान्वित किया जाएगा, इसकी विस्तृत कार्ययोजना अधिकारियों के समक्ष रखी गई। बैठक में प्राधिकरण अधिकारियों ने कार्य की अनुमानित लागत के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा यह स्पष्ट किया कि सभी कार्य प्राधिकरण द्वारा निर्धारित CPCB norms के अनुरूप ही संपन्न होने चाहिए। इसके साथ ही कंपनी से एक पुख्ता और विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

# नोएडा में गूंज उठे 'हरिबोल' और 'जय जगन्नाथ' के गगनभेदी नारे

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-61 स्थित रॉयल गार्डन एस्टेट के मंदिर में श्रीजगन्नाथ प्रतिष्ठा महोत्सव अपार श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। सेक्टरवासियों द्वारा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन की यात्रा निकाली गई।

रथ यात्रा सेक्टर-121 स्थित 'श्री रत्न क्षेत्र' से चल कर नॉएडा सेक्टर 61 स्थित रॉयल गार्डन एस्टेट मे बड़े हर्ष उल्लास के साथ पहुँचा। इस पावन आयोजन में लगभग 1,000 श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित भाग लिया। इस दौरान पूरा वातावरण 'हरिबोल' और 'जय जगन्नाथ' के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा।



इस पवित्र आयोजन की गरिमा को बढ़ाने के लिए कई विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे, जिनमें गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, पूर्व विधायक विमला बाथम, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नगर, आचार्य शैलेश तिवारी, गुरुजी गौतम ऋषिजी, न्यूज नेशन CEO संजय कुलश्रेष्ठ, फोनरवा अध्यख शुभकामनायें योगेंद्र शर्मा, नोएडा श्री रत्न क्षेत्र श्री जगन्नाथ मंदिर के सारे सदस्य अध्यक्ष विश्वनाथ त्रिपाठी, महासचिव डॉ. मनोरंजन मोहंती, उपाध्यक्ष प्रमोद बल और निगमानंद मोहंती, संयुक्त सचिव धनेश्वर नायक, एवं कार्यकारिणी सदस्य सुबला बेहरा, दिलीप स्वैन, देबू मिश्रा, अक्षय स्वैन, प्रशांत खिल्लार, अभिमन्यु परिडा, रमेश नायक, प्रकाश राय, ए.आर. परीजा, भरत प्रधान और किशोर परिडा सहित सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। और अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहे।

पूरे आयोजन की रूपरेखा और संचालन आरडब्ल्यूए समिति द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न किया गया। आयोजन को सफल बनाने में आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष FCA(Dr)मनोरंजन मोहंती, उपाध्यक्ष अनुज त्यागी , महासचिब शैलेन्द्र कुमार, ट्रेजरार गौरव जैतिक, करनेल बघला मंदिर कमिटी, अमित अधना, दीपक सक्सेना अरविन्द सिंह और सभी आरडब्ल्यूए सदस्य एबं रेजिडेंट का विशेष योगदान रहा।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

**टेंडर नोटिस सं. 29/2025-2026** — **दिनांक 07.07.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07255016 | रेट्रो फिटमेंट ऑफ सप्लाई | 1 सेट | 28.07.25 |
| 02 | 08255383 | सप्लाई इंस्टालेशन टेस्टिंग | 968 सेट | 05.08.25 |
| 03 | 15255090 | रोलर बेअरिंग क्लीनिंग | 1 नग | 13.08.25 |
| 04 | 15245204A | सीएनसी एक्सल टर्निंग | 1 नग | 21.08.25 |

**निविदा शर्ते-1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**2038/25** ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | NIT-GEM/ 2025/B/ 6423147 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर व शामली में अधिकारी विश्राम गृह की हाउसकीपिंग सुविधा का 365 दिन के लिए प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :-** GeM पर NIT के अनुसार। **बयाना राशि (रुपये) :-** GeM पर NIT के अनुसार। | |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | | 29.07.2025 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | निविदा **www.gem.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए (GeM) साइट **www.gem.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: **NIT-GEM/2025/B/6423147**

दिनांक : 07.07.2025 — 2039/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का हुआ स्वागत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर ग्रेटर नोएडा मंडल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक नेता नहीं थे, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा के जीवंत प्रतीक थे। उनका जीवन बलिदान, निष्ठा और राष्ट्रसेवा की मिसाल है। आज भी उनकी प्रेरणा भारतीय राजनीति, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को दिशा प्रदान करती है।

कार्यक्रम में विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक सशक्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलकर देशहित में समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय रावल, सतीश गुलिया, महेश शर्मा, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र भाटी, आर.के. गुप्ता, बहन गायत्री तिवारी सहित कई समर्पित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का भव्य स्वागत किया। यह स्वागत विधायक तेजपाल नागर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा और जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में सेक्टर ईटा स्थित जिलाध्यक्ष कार्यालय पर किया गया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा, भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करे, ताकि आम जनता को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

इस अवसर पर जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, धर्मेन्द्र कोरी, सत्यपाल शर्मा, अरुण प्रधान, कर्मवीर आर्य, गुरुदेव भाटी, संजय भाटी, अर्पित तिवारी, मुकेश चौहान, राजीव सिंघल, मनोज भाटी सहित जिला एवं मंडल के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू कार्यकर्ता पुलिस कमिश्नर से मिले



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (अजगर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सचिन शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गौतमबुद्धनगर के पुलिस आयुक्त से भेंट की और संगठन के नाम पर धोखाधड़ी, गुंडागर्दी और अवैध गतिविधियों में लिप्त हरबीर नागर व उसके साथियों के खिलाफ शिकायत सौंपी, जिस पर पुलिस आयुक्त ने कठोरतम कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया।

पंडित सचिन शर्मा ने जानकारी दी कि हरबीर नागर को 8 अगस्त 2022 को तत्कालीन संरक्षक मा. नंदकिशोर गुर्जर द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, लेकिन निजी स्वार्थ, दलगत राजनीति, बाइक बोट घोटाले, भूमि कब्जा और किसानों के नाम पर गुंडागर्दी जैसे कृत्यों में लिप्त होने के कारण 23 दिसंबर 2024 को मा. संरक्षक द्वारा उसे पद से हटा दिया गया और सभी समितियां भंग कर दी गईं। तत्पश्चात संगठन के नियमों के तहत मुझे, पं. सचिन शर्मा को नवगठित कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इसके बावजूद हरबीर नागर व उसके सहयोगी—नरेश चपरगढ़, नीरज सरपंच, प्रभु नागर आदि—संगठन के नाम का दुरुपयोग कर सोशल मीडिया पर फर्जी पदाधिकारियों की नियुक्ति, टोल टैक्स पर गुंडागर्दी और आम जनता से धोखाधड़ी जैसी हरकतें कर रहे हैं, जिससे संगठन की छवि को गहरा नुकसान हो रहा है।

वहीं, पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

पं. सचिन शर्मा ने कहा कि भाकियू (अजगर) किसानों के सम्मान और संगठन की गरिमा से कोई समझौता नहीं करेगी। यदि जरूरत पड़ी तो व्यापक आंदोलन भी किया जाएगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रवीण उर्फ नीटू, निशांत भड़ाना, रमेश चंद दीवान, राजेश उपाध्याय, संजय यादव, शर्मा याद, लोकेश यादव, सोहन लाल, शुभम, अरुण प्रधान, उधम सिंह, वीर सिंह, मोना जोंटी, सतीश, रामकुमार, धरमवीर सिंह, दीपक बच्चस, सोनू तंवर, राहुल चौहान, ब्रह्म सिंह प्रधान, चीकू आधाना, सुखपाल फौजी, सोहनलाल शर्मा यादव, ब्रह्म सिंह प्रधान, नीरज भाटी, गजब भाटी, देवेंद्र कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# एक्टिव सिटिजन टीम की मेहनत रंग लाई

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** देखरेख के अभाव में शहर की पहचान परीचौक दिन प्रतिदिन अपनी चमक खोता जा रहा था। लंबे समय से रंगाई न होने के कारण परियां भी बदरंग हो गई थीं। सफाई न होने के कारण पानी में काई व गंदगी जमा हो गई थी, जिसकी बदबू के कारण वहां पर खड़े होने में भी मुश्किल होती थी। चौराहे के अंदर जगह-जगह जंगली घास व पेड़ खड़े हो गए थे। शिकायत के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने लगभग 10 दिनों में सभी व्यवस्थाओं को सही करा दिया है। जिसमें प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह की अहम भूमिका रही।

परीचौक शहर की पहचान व मुख्य चौराहा है। जहां से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के लिए प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोग गुजरते हैं। परीचौक की बदहाल स्थिति की शिकायत एक्टिव सिटिजन टीम के सदस्यों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों से की गई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण ने पूरे चौराहे की सफाई कराई, पेड़ों की छंटाई हुई, टूटी टाइल्स व पत्थर सही हुए परियों का रंग रोगन कर उन्हें जीवंत बना दिया गया। बंद लाइट सही कराने के साथ ही बंद पड़े फव्वारों को भी सही करा दिया गया।

## प्राधिकरण ने परीचौक पर कराया विकास कार्य




# शारदा विश्वविद्यालय में ताइक्वांडो पर 'द स्पोर्ट्स टॉक' का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय ने जिला ताइक्वांडो संघ के सहयोग से द स्पोर्ट्स टॉक - ताइक्वांडो का आयोजन किया। यह कार्यक्रम खेल जगत के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना। इसमें एनसीआर क्षेत्र के प्रमुख कोच, भारत के राष्ट्रीय स्तर के कोच, एशियाई खिलाड़ी, अंतरराष्ट्रीय अधिकारी और अन्य गणमान्य हस्तियां शामिल हुईं। इस संवादात्मक सत्र का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को ताइक्वांडो की गहराई से जानकारी देना और उन्हें इस खेल की रणनीतियों व तकनीकों से अवगत कराना था। कार्यक्रम ने खिलाड़ियों के समग्र विकास की दिशा में अहम योगदान दिया।

कार्यक्रम में डीन डॉ. प्रमोद कुमार और एसोसिएट डीन डॉ. सुमन लता धर, छात्र कल्याण विभाग ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और उनकी उपस्थिति को विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताया। उन्होंने स्पोर्ट्स सोसाइटी की टीम को इस आयोजन की सफलता हेतु विशेष रूप से बधाई दी।

विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर एवं आयोजन अध्यक्ष रिशांक अग्रवाल ने सभी विशिष्ट अतिथियों और प्रतिभागियों की कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी और समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा और भारत के खेल क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। साथ ही सुमित, इंटरनेशनल रेफरी ने द स्पोर्ट्स टॉक का नेतृत्व किया। इस अवसर पर अक्षित (स्पोर्ट्स ऑफिसर), आशीष, ऋतु राजावत, ब्रिज मोहन, दीपक, परमेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# सीईओ को लिखा पत्र



**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्राम विकास समिति गढ़ी शहदरा के अध्यक्ष सुभाष भाटी ने नोएडा अथॉरिटी के सीईओ डॉ. लोकेश एम को पत्र के माध्यम से गांव गढ़ी शहदरा में दौरा करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि गांव में साफ-सफाई ठीक ढंग से नहीं होती है। गांव में कई जगह पानी भरा हुआ है। सफाई न होने की वजह से कई रास्तों में पानी भर जाता है और बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। गांव में कई रास्ते और नालियां टूटी हुई पड़ी हैं। कई रास्तों में सीसी रोड बनाने की आवश्यकता है। गलियों में नंबर वाले बोर्ड नहीं लगे हैं, उन्हें लगवाने की कृपा करें। गांव में एक और बारातघर बनवाने की नोएडा अथॉरिटी के सीईओ से मांग की गई है और गांव में लाइब्रेरी खोलने की भी मांग की गई है।

# अवैध असलाह की नुमाइश करते युवक का वीडियो वायरल



**दनकौर ( चेतना मंच )।** इंटनरेट मीडिया पर अवैध असलाह का वीडियो प्रसारित होने के बाद लोगों में चर्चा शुरू हो गई है। प्रसारित वीडियो में आरोपित युवक अवैध असलाह दिखा रहा है। इस दौरान आरोपित के चेहरे पर मुस्कुराहट भी साफ देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि आरोपित द्वारा कानून व्यवस्था को चुनोती दी जा रही है। दरअसल इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो तेजी से प्रसारित हुआ। उक्त वीडियो दनकौर कोतवाली क्षेत्र का है। वीडियो में दिख रहा युवक फिल्मी गाने की धुन पर एक अवैध असलाह की नुमाइश करता दिख रहा है। करीब 13सेकंड के वीडियो में आरोपित युवक बारी बारी से अवैध असलाह लहराता हुआ दिख रहा है।

# अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण को लेकर अधिकारी के खिलाफ मोर्चाबंदी




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गत दिवस आमका गांव में तोड़ी गई अवैध कॉलोनी को लेकर एक किसान संगठन ने 10 जुलाई को आंदोलन करने की घोषणा की है। बताते चलें कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को बार-बार सूचना मिल रही थी कि आमका गांव में अवैध निर्माण हो रहा है। इस सूचना के आधार पर तथा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के निर्देश पर प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई के दौरान वहां कुछ लोगों द्वारा प्राधिकरण कर्मियों के साथ मारपीट की गई, जिस पर तीन लोगों के खिलाफ दादरी थाने में मुकदमा पंजीकृत करवाया गया। अब इस पूरे घटनाक्रम को लेकर किसान यूनियन का एक धड़ा प्राधिकरण के एक अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है।

एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलवा रहे हैं, वहीं जब प्राधिकरण खुद अवैध निर्माण को गिराता है, तो यूनियन के लोग हंगामा करते हैं। यह कहां तक सही है, यह तो अलग विषय है, परंतु जिस तरह से किसान यूनियन का एक संगठन एक अधिकारी के खिलाफ मोर्चाबंदी कर अपनी बात मनवाने के लिए दबाव बना रहा है, उसका संदेश समाज में गलत जा रहा है।

सूत्र बताते हैं कि जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर हुई है। उस एफआईआर को हटवाने के लिए अब आंदोलन को और तेज किया जा रहा है।

देखना यह है कि 10 जुलाई को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर कितने किसान पहुंचते हैं। यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन जिस तरह से अवैध निर्माण को लेकर किसान यूनियन ने मोर्चाबंदी की है, वह चर्चा का विषय बना हुआ है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर हुई बैठक



**दादरी ( चेतना मंच )।** दादरी तहसील के थाना कोतवाली में एसीपी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में नगर पालिका के अधिकारी शासन प्रशासन बिजली विभाग मौजूद रहे। बैठक में दादरी दादरी एसीपी, और थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार मौजूद रहे। इस मौके पर बाबूजी रजाक देवा भाटी जिला पंचायत सदस्य,सोनू प्रधान याकूब मलिक संजय शर्मा कोर्ट चौकी इंचार्ज मलूक कस्बा इंचार्ज देवेंद्र कुमार एसएसआई, डी एन यादव रेलवे रोड चौक इंचार्ज हर वीर सिंह परवीन दरोगा विनीत कुमार अभिजीत कुमार बजरंग सैनी सौरभ सोहनलाल जेई रामप्रवेश, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# हड़ताल कल, तैयारी पूरी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** पथ विक्रेताओं की लंबित मांगों और श्रम विरोधी लेबर कोड को रद्द करने की मांग को लेकर कल देशव्यापी आम हड़ताल के तहत नोएडा में भी व्यापक प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित चक शाहबेरी में पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन गौतमबुद्धनगर (यूसुफपुर चक शाहबेरी कमेटी) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन नेता कॉमरेड नरेंद्र पांडेय ने की।

# सरबजीत बने आईआईए के नये चेयरमैन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ग्रेटर नोएडा चैप्टर को नया नेतृत्व मिल गया है। चैप्टर के पूर्व सचिव और पलक टेप्स के प्रबंध निदेशक सरबजीत सिंह ने शनिवार को औपचारिक रूप से चेयरमैन पद का कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व चेयरमैन राकेश बंसल (संस्थापक, एमएम पॉलीविनाइल) ने संगठन का ध्वज उन्हें सौंपते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं।

राकेश बंसल ने अपने दो वर्षीय चेयरमैनशिप और तीन वर्षीय कोषाध्यक्ष कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा, यह संस्था मेरे लिए परिवार समान रही है और मुझे गर्व है कि नेतृत्व अब सक्षम हाथों में सौंपा जा रहा है। उनके नेतृत्व को संगठन के लिए अत्यंत योगदानकारी माना गया है।

चेयरमैन के रूप में अपने पहले संबोधन में सरबजीत सिंह ने कहा, यह जिम्मेदारी मेरे लिए गौरव की बात है। हमारी टीम समर्पण, समावेशिता और नवाचार के साथ चैप्टर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सदस्य संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगे और उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि दिसंबर 2025 तक 200 नए सदस्यों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है और संगठन को हर उद्यमी की आवाज बनाने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी की घोषणा, सचिव हिमांशु पांडे, संयुक्त सचिव यशराज खंडेलिया, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह, इस अवसर पर चैप्टर के कई वरिष्ठ सदस्यों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वालों में राजीव सूद, ए.डी. पांडेय, राजीव बंसल, विशारद गौतम, जेड रहमान, सर्वेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# भारतीय किसान यूनियन (अजगर) की हुई बैठक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (अजगर) की एक बैठक बरौला कार्यालय पर रमेश दीवान की अध्यक्षता एवं दीपक बच्चस के संचालन में संपन्न हुई।

जिला अध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण किसानों के कार्य नहीं कर रहा है। बार-बार किसान अधिकारियों के पास कार्यों को लेकर जाते हैं, लेकिन आजकल करते-करते कोई कार्य नहीं किया जा रहा है और टालमटोल किया जा रहा है। किसानों के कार्यों को लेकर अजगर यूनियन गंभीर है।

प्राधिकरण अधिकारियों ने पिछले 3 साल में किसी किसान की आबादी की लीज बैक नहीं की है। नोएडा पर अगर कोई भी यूनियन प्रदर्शन करती है, तो उसके सहयोग में भारतीय किसान यूनियन अजगर रहेगी।

राष्ट्रीय महासचिव शर्मा यादव ने कहा कि प्राधिकरण अधिकारी कार्यों की समय सीमा निश्चित करके बताएं कि किस गांव के किसान का कार्य कितने दिनों में संपन्न कराया जाएगा। अगर कार्यालय आदेश कर ऐसा नहीं किया जाता है, तो विभिन्न यूनियनों को साथ लेकर प्राधिकरण पर तालाबंदी की जाएगी, जिसकी हर तरह की जिम्मेदारी प्राधिकरण की होगी।

बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव बाबूराम यादव, अरुण प्रधान, संजय यदुवंशी, देवेंद्र कश्यप, मुकेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मवीर यादव, उधम सिंह, मनोज सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## खास खबर

### 5 लाख का इनामी आतंकी अमेरिका में धराया

**वॉशिंगटन ।** खालिस्तानी आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को अमेरिका के सैक्रामेंटो में गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। इसे भारत लाया जा रहा है। पंजाब पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ लगातार खुफिया जानकारी साझा कर उसकी गतिविधियों पर नजर रखी थी। एनआईए ने चंडीगढ़ में सितंबर 2024 में हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में उस पर 5 लाख रुपये का इनाम रखा था। यह हमला एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के घर पर किया गया था। हैप्पी पासिया की आतंकी गतिविधियों का सिलसिला लंबा है। हैप्पी पासिया को 17 अप्रैल को अमेरिका में एफबीआई और इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट की संयुक्त कार्रवाई में हिरासत में लिया गया था। वह अब दिल्ली हवाई अड्डे के रास्ते भारत लाया जा रहा है। हैप्पी पासिया पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के साथ मिलकर पंजाब में कई आतंकी वारदातों को अंजाम देने का आरोप है।

### घर में मिली किसान की लाश, हत्या की आशंका

**आगरा।** आगरा के फतेहपुर सीकरी में एक किसान की पीट पीटकर कर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह संदिग्ध अवस्था में उसका शव घर में पड़ा मिला। किसान के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। गले में फंदा पड़ा था। पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर दिया है। हत्या की वजह संपत्ति विवाद बताया जा रहा है। बताया जा रहा है पत्नी खेत अपने नाम कराने के लिए रोज झगड़ा करती थी। जानकारी के मुताबिक फतेहपुर सीकरी के गांव दुल्हारा में रहने वाले सुरेश किसान थे। उनके चार भाई थे। सभी अलग अलग मकान बनकर रहते थे। सुरेश खेती के साथ-साथ मजदूरी भी करता था। 8 साल पहले कागारौल की रहने वाली प्रीति से सुरेश ने दूसरी शादी की थी। उसका 6 साल का बेटा है। परिजन ने पुलिस को बताया कि रविवार को प्रीति घर से बाहर निकली और पड़ोसियों को बताया कि उसके पति घर में पड़े हैं और कुछ बोल नहीं रहे हैं।

### गोदाम में लगी भीषण आग, कई वाहन जले

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई के टुर्भे सेक्टर-20 स्थित एपीएमसी मार्केट के पास स्थित एक ट्रक पार्किंग क्षेत्र के गोदाम में देर रात भीषण आग लग गई। हादसे में कई वाहन जलकर खाक हो गए, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है।आग लगने की घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। देर रात को ही आग बुझाने का ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। धुआं और गर्मी की तीव्रता के कारण आग पर काबू पाने में खासी दिक्कतें आईं हैं। प्रशासन के मुताबिक, अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, गोदाम में रखे इंधन, प्लास्टिक सामग्री और अन्य ज्वलनशील सामान के कारण आग तेजी से फैली। प्रशासन ने इलाके को घेरकर लोगों को दूर रहने की अपील की है।

# भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत

▸ 17 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल

एजेंसी

**होशियापुर ।** पंजाब के होशियारपुर जिले में सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए। यह हादसा अड्डा सगरां के पास हुआ, जब एक यात्रियों से भरी बस सामने से आ रही कार से टकराने के बाद बेकाबू होकर पलट गई। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मदद के लिए तुरंत जुट गए। बस के मलबे में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने के लिए जेसीबी मशीन का सहारा लेना पड़ा। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। कार में सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि बस में



सवार अधिकांश यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों में से 15 से ज्यादा लोगों को गंभीर हालत में अमृतसर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में बस की तेज रफ्तार को हादसे का कारण बताया जा रहा है। बस का ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस मृतकों की पहचान करने और घायलों के परिवार वालों को सूचित करने में जुटी है। इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बस के अंदर से महिलाओं और बच्चों की चीखें सुनाई दे रही थीं, और कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। दसूहा सिविल अस्पताल के सीएमओ डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि उनके पास कई गंभीर रूप से घायल मरीज पहुंचे, जिसमें से प्राथमिक तौर पर 3 लोग मृत पाए गए, जिसमें एक छोटा बच्चा भी शामिल था, और कुछ ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### खाई में गिरी कार, चार लोगों की मौत

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में मनाली और रोहतांग दर्रे के बीच रानी नाले के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक कार सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। सुबह के समय हुई दुर्घटना में कार में कुल पांच लोग सवार थे। कार के पास वैध रोहतांग परमिट था। मृतकों में पंजाब के होशियारपुर निवासी रंजीत सिंह (31), हरविंदर सिंह (27), और कुल्लू निवासी एवं वाहन चालक नरेंद्र कुमार (34) शामिल हैं। एक मृतक की पहचान अभी नहीं हुई है। होशियारपुर निवासी रवि कुमार (24) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त कर शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## तेलंगाना फैक्ट्री विस्फोट: मरने वालों की संख्या हुई 42, 8 अभी भी लापता

▸ घटनास्थल से कुछ हड्डियां और शरीर के जले अंग मिले

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री धमाके में मरने वालों की संख्या 42 हो गई है। एक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि एक शव की पहचान डीएनए जांच से हुई। 8 लोगों अभी भी लापता हैं। हादसे से 6 दिन बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी है ।मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया कि रविवार को घटनास्थल से कुछ हड्डियां और शरीर के जले अंग मिले हैं। इनका डीएनए कराया जा रहा है। यदि इनका मिलान होता है तो लापता लोगों की संख्या घट सकती है। हादसा 30 जून को पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था। घटना के समय फैक्ट्री में



150 लोग मौजूद थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग थे। उस दिन रेस्क्यू और मेडिकल टीम ने 31 शव बरामद किए थे। मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 2 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। पीएम मोदी ने पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की मदद की घोषणा की थी। वहीं, कंपनी ने मृतकों के परिजन को 1 करोड़ रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 10 लाख और अन्य घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की थी।

# काशी विश्वनाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन पर रोक

▸ मंदिर में बैग, मोबाइल, पेन और धातु की चीजें ले जाने की इजाजत नहीं

एजेंसी

**वाराणसी।** सावन महीने में श्रद्धालुओं की भीड़ की संभावना के चलते काशी विश्वनाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी है। यह रोक 11 जुलाई से 9 अगस्त तक लगी रहेगी। कमिश्नर एस राजलिंगम ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने पर गंगा द्वार से प्रवेश बंद किया जा सकता है। मंदिर प्रशासन के मुताबिक भक्त गेट-4, नंदू फेरिया, सिल्को, धुंडिराज और सरस्वती फाटक से प्रवेश करेंगे। गंगा द्वार से भी एंट्री होगी, लेकिन गंगा का स्तर



बढ़ने पर ललिता घाट से एंट्री बंद कर दी जाएगी। सावन के सोमवार 14, 21, 28 जुलाई और 4 अगस्त को विशेष श्रृंगार होगा। 9 अगस्त को झूला श्रृंगार होगा। मंदिर प्रशासन ने भक्तों से लाइन में लगने और ठगों से बचने की भी अपील की है। पिछले साल की भीड़ को देखते हुए खाली पेट न आने की सलाह दी है। मंदिर में बैग, मोबाइल, पेन और धातु की चीजें लाने की मनाही है। श्रद्धालुओं के लिए पांच जगहों पर मेडिकल टीम मौजूद रहेगी। दो एम्बुलेंस भी रहेंगी, जिनमें एक एडवांस लाइफ सपोर्ट से लैस होगी। मंदिर परिसर में छह खोया-पाया केंद्र होंगे। ये शंकरचार्य चौक, गेट-1, गेट-2, गेट-4 और ललिता घाट पर होंगे। सुरक्षाकर्मी और सहायक कर्मचारी भी तैनात किए जाएंगे। बुजुर्गों, विकलांगों और बच्चों के लिए गोदौलिया से मैदागिन तक फ्री ई-रिक्शा सेवा की व्यवस्था की जा रही है। ग्लूकोज, ओआरएस, बिस्किट, कैंडी और चॉकलेट भी बांटे जाएंगे। पीने के पानी और गुड़ की भी व्यवस्था की गई है। स्मार्ट सिटी की मदद से धाम और शहर में कई जगहों पर आरती का लाइव प्रसारण होगा। जो लोग मंदिर नहीं आ सकते हैं, वे ऑनलाइन दर्शन कर सकते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के यूट्यूब चैनल पर भी लाइव स्ट्रीमिंग होगी। कमिश्नर ने बताया कि भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए वीआईपी और स्पेशल प्रोटोकॉल दर्शन की सुविधा बंद रहेगी।

### युवक की हत्या कर ड्रेन में फेंकी लाश

**उन्नाव।** यूपी के उन्नाव में एक युवक की हत्या कर शव को सिटी ड्रेन में फेंक दिया। जेसीबी से ड्रेन की खोदाई कर कीचड़ में दबे शव को बाहर निकाला गया। पुलिस शव की पहचान कराने की कोशशि कर रही है। जानकारी के मुताबिक अचलगंज क्षेत्र के सुपासी के मजरा कंचन खेड़ा गांव स्थित सिटी ड्रेन पुल पर एक युवक की हत्या कर शव को ड्रेन में नीचे फेंक दिया गया। सोमवार सुबह पुल व उसके आसपास खून देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। ड्रेन में पानी व कीचड़ होने से शव नजर नहीं आया तो पुलिस ने जेसीबी से खुदाई कराई। कुछ देर बाद कीचड़ में दबा 30 साल के युवक शव बाहर निकाला गया। पेट व गर्दन में धारदार हथियार से वार किए जाने की बात सामने आई है।

## राणा ने उगले कई राज, हमले से पहले मुंबई के कई स्थानों की थी रेकी

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई हमले का साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा ने पूछताछ में सनसनीखेज खुलासे किए हैं। राणा ने खुलासा किया है कि उसके सहयोगी डेविड कोलमैन हेडली ने लश्कर-ए-तैयबा के साथ कई आतंकी प्रशिक्षण सत्रों में हिस्सा लिया था, जो मुख्य रूप से एक जासूसी नेटवर्क के रूप में काम करता था। मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच ने राणा के बयान दर्ज किए हैं, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसने 2008 के हमले से पहले मुंबई के कई अहम स्थानों की रेकी की थी। राणा ने अपने इमिग्रेशन बिजनेस के जरिए हेडली को मुंबई में एक फर्जी ऑफिस खोलने में मदद की थी, जिसका इस्तेमाल हमले की साजिश रचने के लिए किया गया था। मीडिया रिपोर्ट में एनआईए सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि राणा ने लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के बीच गहरे सांठगांठ की बात उजागर की है। एनआईए ने राणा को 18 दिन की हिरासत में लेकर गहन पूछताछ शुरू की है, जिसमें उसके और हेडली के बीच ईमेल, यात्रा रिकॉर्ड और अन्य सबूतों का विश्लेषण किया जा रहा है। राणा पर आपराधिक साजिश, हत्या, आतंकवादी कृत्य और जालसाजी जैसे गंभीर आरोप हैं। एनआईए ने कहा कि राणा की पूछताछ से हमले के पीछे की व्यापक साजिश का खुलासा हो सकता है, जिसमें दिल्ली समेत अन्य शहरों को निशाना बनाने की योजना थी।

## महाराष्ट्र में समुद्र तट पर दिखी संदिग्ध नाव, नौसेना समेत पुलिस अलर्ट

एजेंसी

**रायगढ़।** पुलिस और समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के रेवदांडा तट के पास एक संदिग्ध नाव की तलाश ली, जिसे संभवतः मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नौका बताया जा रहा है। मीडिया के मुताबिक अधिकारियों ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि रविवार रात को भारतीय नौसेना के रडार पर यह नाव रेवदांडा में कोरलाई तट से करीब दो समुद्री मील दूर दिखी थी। उन्होंने बताया कि यह मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नौका है, लेकिन नाव का पता लगाने के बाद ही इसकी पहचान और अन्य विवरणों की पुष्टि होगी। अधिकारी ने पहले बताया था कि ऐसा शक है कि नाव बहकर रायगढ़ तट तक आ गई। नाव देखे जाने के बाद रायगढ़ तट पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद रायगढ़ पुलिस, बम निरोधक दस्ते, त्वरित प्रतिक्रिया बल, नौसेना और तटरक्षक बल के जवान रात को मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान चलाया। भारी बारिश और तेज हवाओं के चलते रात में नाव तक पहुंचने में कठिनाई हुई। रिपोर्ट में अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ की एसपी निगरानी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ तट पर पहुंचीं।

### कुख्यात डकैत धन सिंह के दो साथी गिरफ्तार

**अजमेर ।** राजस्थान पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इनामी बदमाशों की धरपकड़ के अभियान के तहत टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने कुख्यात डकैत धन सिंह उर्फ धनसा के दो साथियों को गिरफ्तार किया है। इसमें से एक बदमाश प्रहलाद सिंह पर अजमेर के आदर्शनगर और क्रिश्चियनगंज थाने सहित जिले के विभिन्न थानों में कुल 7 मामले दर्ज हैं। जबकि दूसरे बदमाश विजेंद्र सिंह पर जिले के थानों में कुल 9 मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक फरियादी रामपाल पुत्र गोपाल बागरिया ने बीते साल शिकायत थी कि टांटोटी स्थित प्लॉट पर कब्जा होने के बाद नकली कागज से धोखाधड़ी की गई।

# आठ साल का मासूम नहीं समझता इंसानी भाषा

एजेंसी

**बैंकॉक।** थाईलैंड के उत्तरदित प्रांत में एक आठ साल का बच्चा कुत्तों के झुंड के साथ पलते-पलते इंसानों जैसी भाषा भूल गया है। यह बच्चा एक झोपड़ी में अपनी नशेड़ी मां और भाई के साथ रहता था। पुलिस और शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने जब छापा मारा तो बच्चे की हालत देखकर सब हैरान रह गए। वह भौंककर अपनी बात कहता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बच्चा कभी स्कूल नहीं गया। उसकी मां केवल तब स्कूल लेकर गई थी जब सरकार से फ्री एजुकेशन के तहत पैसा लेना था। पैसा मिलते ही मां ने बच्चे को गंदगी और तन्हाई में छोड़ दिया, जहां उसके पास खेलने और



बात करने के लिए सिर्फ कुत्ते थे। समाज से पूरी तरह कट चुका बच्चा उन्हीं कुत्तों के बीच पला और धीरे-धीरे उनके जैसा व्यवहार करने लगा। बच्चे की मां भीख मांगती थी और अक्सर नशे में रहती थी। मोहल्ले वालों ने उसकी हरकतों से परेशान होकर अपने बच्चों को इस लड़के से मिलने और खेलने तक के लिए मना कर दिया।

इंसानी रिश्तों से दूर और अकेलेपन में डूबे इस मासूम ने कुत्तों को ही अपना परिवार और दोस्त मान लिया और उन्हीं की तरह रहना सीख लिया। नतीजा ये हुआ कि वह अब इंसानी भाषा नहीं समझ है और सिर्फ भौंकता है। 30 जून को जब पुलिस और अधिकारियों की टीम झोपड़ी में पहुंची तो मां और भाई दोनों का ड्रग टेस्ट पॉजिटिव निकले। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और बच्चे को ह्यउत्तारदित चिल्ड्रन होमह्व भेजा गया जहां उसकी देखरेख की जा रही है। रिपोर्ट में बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि जब हमने उस बच्चे बात करनी चाही, तो वह सिर्फ भौंकाह्न देख कर बहुत दुख हुआ। फिलहाल बच्चा मानसिक और सामाजिक रूप से काफी कमजोर है, लेकिन उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अब उसे एक नई जिंदगी दी जाएगी।

# अब बिना निवेश यूएई में बस सकते हैं भारतीय

▸ नया गोल्डन वीजा स्कीम लॉन्च

एजेंसी

**दुबई।** अब भारतीय नागरिकों को यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) में रहने के लिए भारी निवेश करने की जरूरत नहीं होगी। दरअसल, यूनाइटेड अरब अमीरात ने नया गोल्डन वीजा स्कीम शुरू किया है, जिसके तहत एक बार की फीस (लगभग 23 लाख) भरकर लाइफटाइम रेजिडेंसी मिल सकती है। यह योजना फिलहाल भारत और बांग्लादेश में शुरू की गई है और पहले तीन महीनों में 5,000 से ज्यादा भारतीय आवेदकों की उम्मीद है। कंसल्टेंसी फर्म रयाद ग्रुप आवेदन प्रक्रिया संभालने की




अगुवाई कर रहा है। आवेदन ऑनलाइन और कॉल सेंटर के जरिए भी किए जा सकते हैं ।रयाद ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर रयाद कमाल अयूब ने कहा कि यह भारतीयों के लिए एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने बताया कि वीजा के लिए आवेदकों की पृष्ठभूमि, आपराधिक रिकॉर्ड और सोशल मीडिया की जांच होगी। इस स्कीम के तहत अब वीजा पाने के लिए वहां मोटा निवेश करने या कोई प्रॉपर्टी खरीदने की जरूरत नहीं होगी। अब तक गोल्डन वीजा पाने के लिए कम से कम लगभग 4.66 करोड़ रुपये के निवेश की शर्त थी। अब यह वीजा प्रोफेशनल बैकग्राउंड, सामाजिक योगदान या यूएई के सेक्टर जैसे कल्चर, ट्रेड, विज्ञान, स्टार्टअप या फाइनेंस में योगदान के आधार पर मिलेगा।

### ईडी छांगुर बाबा पर कसेगी शिकंजा

**लखनऊ।** ईडी ने छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन और उनके संबंधित संगठनों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल एटीएस को 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के विदेशी लेन-देन की जानकारी मिली है, जो कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए किए गए, जिसके बाद अब इस मामले में ईडी की एंट्री हुई है ।मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि एटीएस ने पाया कि छांगुर बाबा ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके 40 से ज्यादा फर्जी संगठन बनाए थे। इन संगठनों के जरिए विदेशों से भारी मात्रा में धनराशि हासिल की, जिसका इस्तेमाल यूपी में आलीशान संपत्तियों, लग्जरी गाड़ियों और अन्य व्यावसायिक परिसंपत्तियों को खरीदने में किया गया था।

# कॉर्पोरेट स्टाइल में राजनीति करेंगे मस्क

▸ टेस्ला सीएफओ वैभव को सौंपी पार्टी के खजाने की चाबी

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की दुनिया में बड़ा नाम कमा चुके अरबपति एलन मस्क ने अब सियासत में बड़ी छलांग लगाई है। वे अमेरिका की राजनीति में भी उसी कॉर्पोरेट सोच के साथ कदम रख रहे हैं। हाल ही में मस्क ने अमेरिका पार्टी नाम से एक नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा की, जिसका मकसद अमेरिका की दो-दलीय राजनीति को चुनौती देना है ।इस पार्टी के एफईसी फॉर्म (रजिस्ट्रेशन दस्तावेज) में सबसे खास नाम सामने आया है



भारतवंशी वैभव तनेजा का। इस वक्त तनेजा टेस्ला के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) हैं। उन्हें मस्क ने पार्टी का ट्रेजरार और कस्टोडियन ऑफ रिकॉर्ड नियुक्त किया है यानी पार्टी के खजाने की चाबी थमा दी है। यह कदम इस ओर इशारा करता है कि एलन मस्क पार्टी को कॉरपोरेट मैनेजमेंट के तरीके से चलाना चाहते हैं जहां पारदर्शिता, फाइनेंशियल डिसिप्लिन और प्रोफेशनल मैनेजमेंट को प्रायोरिटी दी जाती है। दुनियाभर में भारतवंशियों का डंका बज रहा है। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों में बड़े पदों की कमान भारतवंशी संभाल रहे हैं। इसी कड़ी में दिल्ली यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट वैभव तनेजा पर एलन मस्क लगातार भरोसा जता रहे हैं। पहले मस्क ने वैभव को अपनी कंपनी टेस्ला के सीएफओ की जिम्मेदारी सौंपी और अब अपनी पार्टी का ट्रेजरार और कस्टोडियन ऑफ रिकॉर्ड बनाया है। वैभव तनेजा के लिंकडइन प्रोफाइल के मुताबिक, उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से कॉमर्स में ग्रेजुएशन किया है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**धर्मांतरण के मास्टर...**

जिसमें छांगुर बाबा अपने गैंग के लोगों के साथ रहता था और यहीं से अपने काले साम्राज्य का संचालन करता था। गौरतलब है कि बलरामपुर में छांगुर बाबा के अवैध धर्मांतरण के काले कारनामे उजागर होने के बाद पुलिस-प्रशासन भी हरकत में आ गया है। जांच-पड़ताल के दौरान पता चला कि छांगुर बाबा ने कोतवाली उतरौला क्षेत्र के मधपुर गांव में जो आलीशान कोठी बनवा रखी है, वह अवैध है। ये कोठी सरकारी जमीन पर बनाई गई है। इसको लेकर नोटिस जारी किया गया था। बेदखली का आदेश भी दिया गया। जिसके बाद अब कोठी पर बुलडोजर एक्शन हुआ है। मौके पर एसडीएम, सीओ समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जानकारी के मुताबिक, इस कोठी में छांगुर बाबा, नवीन रोहरा और नीतू रोहरा के साथ रहता था। जिस जमीन पर यह कोठी बनाई गई है वह गाटा संख्या 337/370 की जमीन में अवैध अतिक्रमण करके बनाई गई है। यह जमीन नीतू नवीन अरोड़ा के नाम से है। जमीन की पैमाइश पूरी होने के बाद बुलडोजर की कार्रवाई की गई। इससे पहले जिला प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण हटाने का नोटिस चस्पा किया था। हालांकि, छांगुर बाबा के परिजनों के विरोध की वजह से कल पैमाइश नहीं हो सकी थी।

दरअसल, मंगलवार सुबह जिला प्रशासन की टीम तीन बुलडोजर लेकर कोठी पर पहुंची और अवैध निर्माण को तोड़ना शुरू किया। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा. कोठी के मेन गेट पर ताला लगा हुआ था। कहा जा रहा है कि ये कोठी करीब 3 करोड़ लागत से 3 बीघा जमीन में बनी है, जो कि छांगुर की करीबी नीतू उर्फ नसरीन के नाम पर है।

**नोएडा एयरपोर्ट-यमुना....**

व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, हर्ष मल्होत्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। ग्रेटर नोएडा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत भी किया। खबर लिखे जाने तक केन्द्रीय मंत्री ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का निरीक्षण कर रहे थे।

**सबूत मिटाने...**

जांच के दौरान पता चला कि उसमें मुकदमे से संबंधित डाटा को डिलीट कर दिया गया है। डाटा डिलीट करने पर राकेश राय के खिलाफ साक्ष्य उपलब्ध न करने तथा उन्हें नष्ट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**ग्रेटर नोएडा में...**

उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि शिवम के तीन बच्चे हैं। शिवम ने आत्महत्या क्यों की इस मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**रोडरेज में कार...**

उन्होंने आते ही उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर शीशे तोड़ दिए। घटना के बाद किसी तरह उसने पुलिस को सूचना दी और अपने घर पहुंचा। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और हमलावरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

**जालसाजों पर लगाया...**

निवासी छालेरा ने धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में दोनों आरोपियों के नाम प्रकाश में आए थे। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी जनता से कंपनी में पैसा लगवाकर अच्छा ब्याज देने का झांसा देते थे। लोगों को विश्वास दिलाने के लिए यह गिरोह फर्जी तरीके से पासबुक, रसीदें देकर लोगों का पैसा अपनी फर्जी कंपनियों के खातों में जमा कर लेते थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कूटरचित दस्तावेज बनाने की धाराओं में बढ़ोतरी की थी और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ नोएडा एवं हापुड़ में 10 मुकदमे पंजीकृत हैं। इनमें से सात मुकदमे नोएडा के थाना फेस-1 एवं थाना-20 में दर्ज हैं। जबकि अन्य मुकदमे थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ में दर्ज हैं।

**गाड़ी में डालकर ले...**

इस घटना के बाद सभी लोग उसे देर रात्रि गाजियाबाद मोहननगर डाबर मोड़ के पास गाड़ी से फेंक कर चले गए। इस दौरान आरोपियों ने धमकी दी कि यदि उसने इस मामले में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई तो उसे जान से मार दिया जाएगा। करीब 1 घंटे बाद वह अपने घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद वह गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद पहुंचा और पंकज शर्मा, विपिन, सौरभ, अरविंद व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया। पीड़ित के मुताबिक पंकज उसका साला लगता है और पूर्व में भी कई बार उसके साथ अभद्रता कर चुका है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

**मोबाइल स्नेचर ...**

छीनने की घटनाओं को अंजाम देता है। वारदात के दौरान अगर कोई व्यक्ति विरोध करता था तो वह चाकू दिखाकर उसे डरा देता था। पकड़े गए आरोपी ने एनसीआर में मोबाइल छिनैती की घटनाओं का अंजाम देना स्वीकार किया है।

**नलगढ़ा में प्राधिकरण...**

प्रदीप सिंह का कहना है कि उसने प्रवेश आदि को 76 लाख 80 हजार रुपए का भुगतान किया और अन्य बची धनराशि के चेक दे दिए। इसके बाद उसने उक्त जमीन पर कार्य प्रारंभ किया तो नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने आकर उसे रुकवा दिया। उसने जब नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी को अपना बैनामा दिखाया तो अधिकारियों ने बताया कि प्रवेश के पूर्वजों ने उक्त जमीन का मुआवजा पहले ही उठा लिया है और अब इसका मालिकाना हक नोएडा प्राधिकरण के पास है। इसके बाद उसने प्रवेश आदि से बात की तो वह बहाने बनाने लगे। प्रदीप सिंह के मुताबिक उसने जब आरटीआई से जानकारी निकलवाई तो पता चला कि उक्त जमीन नोएडा प्राधिकरण ने काफी समय पहले ही अधिकृत कर ली थी और उसका मुआवजा प्रवेश के पूर्वज उठा चुके हैं। इसके बाद उसने दिए गए सभी चेक बैंक से स्टॉप कर दिए। इसके बावजूद भी आरोपी ने दिए गए चेक को खाते में भुगतान के लिए लगा दिया। उसने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे आश्वासन दिया कि वह दूसरी जमीन का बैनामा उसके नाम कर देंगे। काफी समय बीतने के बाद भी जब आरोपियों ने दूसरी जमीन का बैनामा नहीं किया तो उसने अपनी धनराशि वापस मांगी। इस पर प्रवेश, सनी, डेढ़ा, परवीन, डेविड आदि ने गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। प्रदीप सिंह ने बताया कि उसने थाना सेक्टर-142 पुलिस में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कि इसके बाद उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने थाना सेक्टर-142 को पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। प्रदीप सिंह के प्रार्थना पत्र पर थाना-142 पुलिस ने प्रवेश, श्रीमती विद्या, कुमारी सोनिका, परवीन डेविड, श्रीमती उर्मिला, सनी डेढ़ा, नरेंद्र लोहिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

खास खबर

### इंग्लैंड ने एटकिंसन को किया शामिल

**बर्मिंघम ।** भारतीय टीम के खिलाफ एजबेस्ट के मैदान पर 336 रनों से मिली करारी हार से इंग्लैंड क्रिकेट में खलबली मच गयी है। ऐसे में हार के सदमे से उबरने का प्रयास कर रहे टीम प्रबंधन ने लॉड्र्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को शामिल कर लिया है। तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से लॉडर्स में खेला जाएगा। एटकिंसन को शामिल करने से टीम की गेंदबाजी बेहतर होने की संभावना है। उनकी वापसी इसलिए भी जरुरी है क्योंकि तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर फिट नहीं हैं। इसके अलावा तेज गेंदबाज जोश टंग भी लय में नहीं है। एटकिंसन की हैमस्ट्रिंग इंजरी से उबरने के बाद वापसी हो रही है। एटकिंसन को यह चोट मई में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच खेलते हुए लगी थी। एटकिंसन ने अब तक 12 टेस्ट मैचों में 55 विकेट लिए हैं। गेंदबाजी के साथ ही वह बल्लेबाजी भी करते हैं और उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में शतक भी दर्ज है।

### जिया यादव का भारतीय तैराकी टीम में चयन

**झांसी।** वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की वीरभूमि झांसी के एक किसान की बेटी जिया यादव का भारतीय यूथ स्विमिंग टीम में चयन हुआ है। जिया यादव बहरीन में 23 से 27 अक्टूबर तक होने वाली एशियन यूथ गेम्स में ग्रुप ए कैटेगरी (15 से 17 वर्ष) के 50 मी. एवं 100 मी. बैक स्ट्रोक स्पर्धा में अपना दम दिखाएगी। बेक स्ट्रोक में महारथ रखने वाली नन्हीं जलपरी जिया यादव के पिता विजय यादव ने बताया कि वह मध्यम वर्गीय परिवार से हैं और हंसारी में दुग्ध डेरी का व्यवसाय कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। जिया ने झांसी में 15 मीटर के स्विमिंग पूल से ही तैराकी का सफर शुरू किया था। उसकी मेहनत रंग लाई और उसे राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर मिला और पदक भी जीता था। विजय यादव ने बताया कि जिया अब बहरीन में 23 से 27 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली एशियन यूथ गेम्स में अपना दमखम दिखाएगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव शिवम कपूर ने मेरी बेटी की प्रतिभा देखकर नई दिल्ली के एसएफआई ग्लेनमार्क स्विमिंग अकादमी में भर्ती कराया।

### शास्त्री ने सिराज को गेंदबाजी नहीं मिलने पर उठाये सवाल

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने तेज गेंदबाज मो सिराज को दूसरे टेस्ट मैच के अंतिम दिन गेंदबाजी का अवसर नहीं मिलने पर सवाल उठाये हैं। इस मैच में बारिश की बाधा के बाद जब खेल शुरू हुआ तो कप्तान शुभमन ने सिराज को गेंदाबाजी नहीं दी। शास्त्री ने कहा कि वो मैच शुरू होने के बाद चाहते थे कि भारतीय टीम जल्दी विकेट लिए और इसी कारण से वो पहली पारी में 6 विकेट लेने वाले सिराज को गेंदबाजी करते दिखना चाहते थे। इस मैच में कमेंट्री कर रहे शास्त्री ने कहा कि अनुभवी सिराज के गेंदबाजी नहीं मिलने से वह हैरान हुए। शास्त्री बोले, मुझे विश्वास नहीं हो रहा था कि सबसे सीनियर गेंदबाज को गेंदबाजी नहीं दी गयी। सिराज ने पहली पारी में छह विकेट वहीं दूसरी में एक विकेट लिया था।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 133 रन से हराया

▶ सीरीज पर किया कब्जा

दूसरा टेस्ट




एजेंसी

**ग्रेनेडा।** ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन वेस्टइंडीज को 133 रन से हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन की शुरूआत 221/7 के स्कोर से की और केवल 22 रन जोड़ते हुए 243 पर ऑलआउट हो गई। हालांकि यह बढ़त उनके गेंदबाजों के लिए पर्याप्त साबित हुई। दिन की शुरूआत वेस्टइंडीज के शमार जोसेफ के धमाकेदार गेंद से हुई, जिन्होंने पैट कमिंस को पवेलियन भेजा। इसके बाद एलेक्स कैरी को भी उन्होंने एलबीडब्ल्यू आउट किया। जोश हेजलवुड को अल्जारी जोसेफ ने बोल्ड कर ऑस्ट्रेलियाई पारी समाप्त की। वेस्टइंडीज को 277 रनों का लक्ष्य मिला, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के सामने उनकी पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। जोश हेजलवुड ने महज आठ गेंदों में जॉन कैंपबेल को पगबाधा आउट कर वेस्टइंडीज को पहला झटका दिया। इसके बाद मिशेल स्टार्क ने कीसी कार्टर को कैरी के हाथों कैच कराया। ब्रैंडन किंग ने आते ही तीन चौके जड़े, लेकिन कप्तान क्रेग ब्रैथवेट को ब्यू वेबस्टर ने अपना शिकार बनाया। किंग भी ज्यादा देर नहीं टिक पाए और पैट कमिंस की गेंद पर उनकी गिल्लियां बिखर गईं। स्कोर जल्द ही 33/4 हो गया। दोपहर के बाद शाई होप और रोस्टन चेज ने कुछ संघर्ष दिखाया लेकिन हेजलवुड ने होप को आउट कर साझेदारी तोड़ी। चार ओवर बाद चेज भी चलते बने और वेस्टइंडीज की हार तय हो गई। अंत में अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ और जेडन सील्स ने मिलकर छह छक्के जरूर लगाए लेकिन हार की मार्जिन को ज्यादा नहीं घटा सके। नाथन लायन ने इन तीनों को आउट कर वेस्टइंडीज की पारी को महज 143 रन पर समेट दिया। मेजबान टीम की दूसरी पारी सिर्फ 35 ओवर में सिमट गई।

# अब केरल क्रिकेट लीग में खेलते नजर आयेंगे सैमसन




एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम ।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अब केरल क्रिकेट लीग (केसीएल) के दूसरे सत्र में खेलते हुए नजर आयेंगे। सैमसन को कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने उन्हें 26.60 लाख रुपये में शामिल किया है। इससे सैमसन अब इस लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। तीन लाख आधार मूल्य वाले सैमसन को कोच्चि ने सबसे अधिक रकम देकर जोड़ा है। कोच्चि ब्लू टाइगर्स के पास कुल 50 लाख की राशि थी जिसमें उसे उसने आधी सैमसन पर ही लगा दी। पिछले साल सैमसन को केरल क्रिकेट लीग का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया था पर अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में व्यस्त रहने के कारण ही वह इस सत्र में कोई मैच नहीं खेल पाये थे। वहीं विष्णु विनोद को एरीज कोल्लम ने विष्णु विनोद को 13.8 लाख रुपये में खरीदा था। वहीं अनुभवी ऑलराउंडर जलज सक्सेना को एलेप्पी रिपल्स ने 12.4 लाख रुपये में खरीदा। सैमसन ने अंतिम बार आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेला था। 18वें सत्र में फिटनेस कारणों से वह कई मुकाबले में नहीं खेल पाये थे। ऐसे में रियान पराग को राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी दी गयी थी।

# विंबलडन : कार्लोस अल्कराज क्वार्टरफाइनल में



एजेंसी

**लंदन।** दूसरे वरीय स्पेनिश टेनिस स्टार कार्लोस अल्कराज ने रविवार को सेंटर कोर्ट पर खेले गए चौथे दौर के मुकाबले में रूस के आंद्रेई रूबलेव को एक कड़े मुकाबले में 6-7(5), 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन 2025 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ अल्कराज ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार 22वीं जीत दर्ज की और लगातार तीसरा विंबलडन खिताब जीतने की उम्मीदें बरकरार रखीं। मैच की शुरूआत में अल्कराज थोड़े संघर्ष में दिखे, और रूबलेव ने पहले सेट में उन्हें 4-1 की बढ़त के साथ चौंका दिया। हालांकि, अल्कराज ने वापसी की कोशिश की, लेकिन रूबलेव ने शानदार खेल दिखाते हुए टाईब्रेक में पहला सेट अपने नाम कर लिया। दबाव में होने के बावजूद अल्कराज ने संयम बनाए रखा और दूसरे सेट में रूबलेव की एक डबल फॉल्ट का फायदा उठाते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरे सेट में रूबलेव ने आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन ब्रेक प्वाइंट्स को भुना नहीं पाए, जबकि अल्कराज ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए सेट अपने नाम किया। चौथे सेट में अल्कराज पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए। उन्होंने एक अहम ब्रेक हासिल किया और फिर बिना कोई गलती किए मैच को अपने पक्ष में खत्म कर दिया। अब क्वार्टरफाइनल में अल्कराज का सामना ब्रिटेन के कैमरन नॉरी से होगा, जो घरेलू दर्शकों के बीच एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद जगा रहा है। इस जीत के साथ अल्कराज एक बार फिर साबित कर चुके हैं कि वह ग्रास कोर्ट के बादशाह बनते जा रहे हैं, और उनका तीसरा विंबलडन खिताब अब ज्यादा दूर नहीं दिखता।

# बुमराह लॉड्र्स टेस्ट में खेलेंगे : शुभमन




एजेंसी

**बर्मिंघम ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि 10 जुलाई से लॉड्र्स में होने वाले तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह खेलेंगे। वहीं इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने गस एटकिंसन को शामिल किया है। वहीं शुभमन गिल ने भी पुष्टि कर दिया है कि जसप्रीत बुमराह तीसरे टेस्ट मैच में मैदान पर उतरेंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि किस तेज गेंदबाज को बाहर किया जाएगा। बुमराह को एजबेस्टन टेस्ट मैच में आराम दिया गया था। ऐसे में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का बाहर होना तय है। कृष्णा हेडिंग्ले के बाद एजबेस्टन में भी प्रभावी नहीं रहे हैं। दोनों पारियों को मिलाकर सिर्फ 5 विकेट ले पाए थे। इसके अलावा उन्होंने रन भी काफी दिये। पहली पारी में उन्होंने 128 खर्च किए थे। वहीं एजबेस्टन टेस्ट मैच में कृष्णा को दोनों पारियों में केवल एक विकेट मिला। बर्मिंघम में इंग्लैंड दौरे पर अपना पहला मैच खेलते हुए आकाश दीप सिंह ने दोनों पारियों को मिलाकर कुल 10 विकेट अपने नाम किए हैं। ऐसे में उन्हें बाहर किसे जाने का सवाल ही नहीं है। मो सिराज ने भी अच्छी गेंदबाजी की थी।

# भारत के संजोग गुप्ता बने आईसीसी के नये सीईओ



एजेंसी

**बर्मिंघम ।** भारत के संजोग गुप्ता अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नये मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बने हैं। संजोग ने साल 2021 से ही सीईओ रहे ऑस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह ली है। संजोग आईसीसी के सातवें सीईओ हैं। उनसे पहले भारतीय मूल के केवल मनु साहनी ही सीईओ रहे हैं। संजोग के पास लंबा अनुभव है। उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अलावा आईसीसीटूनार्मेंट्स, प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) जैसे बड़े खेल आयोजनों का भी अनुभव है। आईसीसी चेयरमेन जय शाह नेकहा, संजोग को स्पोर्ट्स प्लानिंग और व्यवसायीकरण का लंबा अनुभव है। उनका क्रिकेट के प्रति जुनून और तकनीक की समझ इस खेल के वैश्विक विस्तार में अहम भूमिका निभाएगा। हमारा भी प्रयास है कि क्रिकेट को ओलंपिक जैसे मंचों पर नियमित रूप से स्थान मिले। जय शाह कहते हैं, हमने इस पद के लिए कई उम्मीदवारों पर विचार किया पर नामांकन समिति ने सर्वसम्मति से संजोग की सिफारिश की। आईसीसी बोर्ड के निदेशक भी उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हैं और मैं आईसीसी में सभी की ओर से उनका स्वागत करना चाहता हूं।

### आकाश दीप ने कैंसर पीड़ित बहन को समर्पित की जीत

**बर्मिंघम ।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में मिली जीत को अपनी कैंसर पीड़ित बहन को समर्पित किया है। इस मैच में आकाशदीप ने 10 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में सबसे बड़ी भूमिका निभाई थी। ऐसे में जीत से उन्हें बेहद खुशी हुई है। आकाश की बहन पिछले 2 माह से कैंसर से पीड़ित हैं। एजबेस्टन में भारतीय टीम की जीत इलिए भी अहम है क्योंकि ये इस मैदान पर भारतीय टीम की पहली जीत है। भारतीय टीम ने साल 1967 में पहली बार यहां खेल था तब से ही वह यहां एक बार भी नहीं जीती थी। आकाश दीप ने जीत के बाद पुजारा से बातचीत में कहा, मैंने अभी तक किसी को नहीं बताया था कि मैं यह जीत अपनी बहन को समर्पित करना चाहता हूं।

# एएफसी कप क्वालीफिकेशन पर भारतीय महिला टीम को 42.75 लाख का इनाम

टीम ने ग्रुप स्टेज के अंतिम मुकाबले में थाईलैंड की टीम को हराकर एशियन कप के लिए किया क्वालीफाई



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को भारतीय महिला फुटबॉल टीम को एएफसी महिला एशियन कप 2026 के लिए क्वालीफाई करने पर 50,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 42.75 लाख) के इनाम की घोषणा की। महिला टीम ने शनिवार को ग्रुप स्टेज के अंतिम मुकाबले में मेजबान और उच्च रैंकिंग वाली थाईलैंड की टीम को 2-1 से हराकर अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एशियन कप के लिए क्वालीफाई किया। इससे पहले भारत ने मंगोलिया को 13-0, तिमोर-लेस्ते को 4-0 और इराक को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी।

एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, हालांकि मैदान पर नतीजे एकतरफा लग सकते हैं, लेकिन ये पिछले कुछ वर्षों की निरंतर योजना और विकासात्मक प्रयासों का परिणाम हैं। इस सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं था– यह एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण और संरचित तैयारी का परिणाम है।टीम के लिए फारवर्ड प्यारी शाशा सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। उन्होंने मंगोलिया के खिलाफ पहले ही मुकाबले में पांच गोल किए। गौरतलब है कि अगले साल होने वाला एशियन कप महिला विश्व कप 2027 और लॉस एंजेलेस ओलंपिक 2028 के लिए क्वालिफायर के तौर पर भी कार्य करेगा।

# वॉशिंगटन फ्रीडम ने एमआई न्यूयॉर्क को 6 विकेट से हराया

▶ टॉप-2 में किया स्थान पक्का



एजेंसी

**लाडरहिल।** वॉशिंगटन फ्रीडम ने एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ सोमवार (भारतीय समयानुसार) अपने आखिरी लीग मुकाबले में 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और टॉप-2 में अपनी जगह पक्की कर ली। बारिश के कारण 18 ओवर प्रति पारी के इस मुकाबले में ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। बारिश के चलते टॉस में देरी हुई, जिसके बाद वॉशिंगटन ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एमआई न्यूयॉर्क की शुरूआत बेहद खराब रही और कप्तान निकोलस पूरन व मोनांक पटेल पहले तीन ओवरों में ही पवेलियन लौट गए। हालांकि कुंवरजीत सिंह ने 33 रनों की संयमित पारी खेली, लेकिन मिडिल ऑर्डर पूरी तरह से लड़खड़ा गया। ग्लेन मैक्सवेल ने तजिंदर ढिल्लों और शरद लुंबा को लगातार गेंदों पर आउट कर पारी को झकझोर दिया। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने भी दो विकेट लेकर एमआई न्यूयॉर्क की कमर तोड़ दी। टीम निर्धारित 18 ओवरों में 112/8 का ही स्कोर बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वॉशिंगटन फ्रीडम की शुरूआत भी कुछ खास नहीं रही और मिशेल ओवेन जल्दी आउट हो गए। लेकिन एंड्रिस गौस (नाबाद 46 रन, 34 गेंद) ने एक छोर संभाले रखा। बीच के ओवरों में मार्क चैपमैन ने 18 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर रन गति को तेज किया। हालांकि चैपमैन और मैक्सवेल एक के बाद एक आउट हो गए, लेकिन गौस ने ग्लेन फिलिप्स के साथ मिलकर टीम को तीन ओवर पहले ही जीत दिला दी।

# अब फिल्मों में नजर आयेंगे रैना



एजेंसी

**मुंबई ।** पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स के अनुभवी खिलाड़ी सुरेश रैना अब फिल्मों में डेब्यू करने जा रहे हैं। खेल के मैदान पर अपनी चमक बिखेरने के बाद अब रैना अब तमिल फिल्म में नजर आयेंगे। रैना तमिल फिल्म इंडस्ट्री में ड्रीम नाइट स्टोरीज के बैनर तले बनने वाली एक फिल्म से सिल्वर स्क्रीन पर दिखेंगे। अनुमान है कि ये फिल्म क्रिकेट को लेकर है। इसको लेकर आये एक वीडियो में रैना को क्रिकेट स्टेडियम में प्रवेश करते हुए देखा जा सकता है, जहां प्रशंसक उनका जोश के साथ स्वागत कर रहे हैं। टीजर को शेयर करते हुए प्रोडक्शन टीम ने लिखा, चिन्ना थाला सुरेश रैना का स्वागत है। गौरतलब है कि रैना को उनके प्रशंसक प्यार से ह्यचिन्ना थालाह्न कहते हैं, और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए उनके योगदान की वजह से तमिलनाडु में उनकी जबरदस्त मांग है। इस फिल्क का टाइटल अभी तक सामने नहीं आया है पर टीजर को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये फिल्म क्रिकेट पर आधारित हो सकती है। फिल्म का निर्देशन लोगन कर रहे हैं और इसे श्रवण कुमार डीकेएस बैनर के तहत प्रोड्यूस कर रहे हैं.रैना के फिल्म में आने की जानकारी से प्रशंसक बेहद खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग रैना को कॉलीवुड में वेलकम कर रहे हैं।

# एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

- मनु भाकर दो इवेंट्स में लेंगी हिस्सा
- स्वप्निल कुसेले और राही सरनोबत की वापसी
- सीनियर टीम में कई अनुभवी और ओलंपियन शूटर भी हैं शामिल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने सोमवार को कजाखस्तान के शिमकेन्ट में 16 से 30 अगस्त तक होने वाली 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए 35 सदस्यीय सीनियर भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की कप्तानी डबल ओलंपियन मनु भाकर करेंगी, जो दो व्यक्तिगत इवेंट में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय शूटर हैं। मनु भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पधाओं में हिस्सा लेंगी। उनका चयन इस बार भी बताता है कि वह भारतीय शूटिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं। सीनियर टीम में कई अनुभवी और ओलंपियन शूटर भी शामिल हैं। इनमें पूर्व वर्ल्ड चैंपियन रुद्रांक्श पाटिल (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), ओलंपियन अंजुम मौदगिल (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, सौरभ चौधरी (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल), और किनान चेनई (ट्रैप शूटिंग) शामिल हैं। इसके अलावा ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल), मेहुली घोष (एयर राइफल) और किरण अंकुश जाधव (एयर राइफल) जैसे नाम भी दोनों सीनियर स्क्वॉड्स का हिस्सा होंगे।

ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट स्वप्निल कुसेले और एशियन गेम्स की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता व ओलंपियन राही सरनोबत को निंगबो (चीन) में 7 से 15 सितंबर तक होने वाले क्षरत्र वर्ल्ड कप के लिए टीम में शामिल किया गया है।

एनआरएआई ने सितंबर-अक्टूबर में भारत में होने वाले क्षरत्र जूनियर वर्ल्ड कप और साथ ही जूनियर एशियन चैंपियनशिप के लिए भी टीमें घोषित की हैं। दोनों 36 सदस्यीय जूनियर टीमों में एकमात्र बदलाव ओलंपियन राइजा ढिल्लों के रूप में आया है, जो दिल्ली वर्ल्ड कप की जूनियर वीमेन स्कीट टीम में शामिल हैं, जबकि मानसी रघुवंशी को जूनियर एशियन चैंपियनशिप टीम में जगह दी गई है। एनआरएआई की यह घोषणा आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में भारत की रणनीति और युवा प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।



लंदन में ऑल इंग्लैंड टेनिस में रुस की अनासटेशिया पवलुकनोवा दूसरे दौर के मैच में खेलती हुई।



# अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने बॉयफ्रेंड रोहन ठक्कर से की सगाई

अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर ने आज फैंस के साथ एक खुशखबरी शेयर की है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड रोहन ठक्कर के साथ सगाई की है। अंशुला ने खूबसूरत फोटोज शेयर करते हुए रोहन और अपनी लव स्टोरी भी फैंस के साथ शेयर की है। उन्होंने बताया कि दोनों की मुलाकात एक एप के जरिए हुई। कपल ने न्यूयॉर्क में सगाई की है। अंशुला ने इंस्टाग्राम अकाउंट से सगाई की फोटोज शेयर की हैं। इनमें वे और रोहन मंगनी की अंगूठियां फ्लॉन्ट करते दिख रहे हैं। रोहन ने घुटनों के बल बैठकर फिल्मी स्टाइल में अंशुला को रिंग पहनाई और इसके बाद दोनों एक-दूजे को चूमते दिखे। अंशुला ने तस्वीरों के साथ अपनी और रोहन की लव स्टोरी शेयर की है।


कैसे हुई पहली मुलाकात और बात

अंशुला ने लिखा है, हमारी मुलाकात एक एप पर हुई थी। मंगलवार को 1.15 बजे अचानक बात करना शुरू किया। हम उस सुबह 6 बजे तक बातें करते रहे और किसी तरह, तब भी, ऐसा लगा कि किसी ऐसी चीज की शुरुआत हो रही है, जो मायने रखती है। तीन साल बाद, मेरे पसंदीदा शहर में, सेंट्रल पार्क में महल के सामने उसने मुझे प्रपोज किया! ठीक 1.15 बजे भारती समय पर। किसी तरह दुनिया ने उस पल को जादू जैसा महसूस करने के लिए बस इतना समय रोका।

2022 से रिलेशनशिप में अंशुला-रोहन

अंशुला ने आगे लिखा है, रोहन का प्यार बस एक शांत तरह का प्यार, जो घर जैसा लगता है। मैं कभी भी परियों की कहानियों में विश्वास करने वाली लड़की नहीं रही... लेकिन रोहन ने मुझे उस दिन, जो दिया वह बेहतर था, क्योंकि यह जानबूझकर किया गया था। सोच-समझकर। उसने प्रपोज किया और मैंने हां कह दिया। आंसू, कांपती हंसी और उस तरह की खुशी के साथ, जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती, क्योंकि 2022 से, यह हमेशा तुम ही हो।

अंशुला ने आगे लिखा है, मैं अपने सबसे अच्छे दोस्त से सगाई कर रही हूं! मेरा सबसे सुरक्षित ठिकाना। मेरा अपना। मेरा पसंदीदा शख्स, पसंदीदा शहर और अब, मेरा पसंदीदा हां! अंशुला ने आगे लिखा है, हमारी पहली मुलाकात बर्गर के प्यार के ईर्द-गिर्द थी, इसलिए सगाई के बाद पहला मील। अंशुला को फैंस बधाईयां दे रहे हैं।



# वीर पहाड़िया को डेट कर रही हैं तारा सुतारिया?



तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में दोनों स्टार्स की लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट्स के बाद डेटिंग की खबरें और भी तेज हो गई हैं। हालांकि, इस मामले में तारा और वीर की तरफ से अब तक कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। वीर पहाड़िया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वह इटली के एक यॉट पर पोज देते हुए नजर आ रहे थे। उनके पीछे एक बड़ा सा पहाड़ दिखाई दे रहा था। इसके कुछ ही देर बाद तारा सुतारिया ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें पहाड़ और समुद्र का खूबसूरत नज़ारा दिखाई दे रहा था। इन दोनों पोस्ट्स के सामने आने के बाद फैंस कयास लगाने लगे कि तारा और वीर साथ में वेकेशन पर गए हैं।

बता दें, इससे पहले वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया ने लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक साथ रैंप वॉक किया था। इसके बाद दोनों को एक पॉश रेस्टोरेंट में डिनर करते हुए स्पॉट किया गय। यहीं से दोनों के डेटिंग रूमर्स की शुरुआत हो गई।

## बादशाह के साथ भी जुड़ चुका है तारा का नाम


बता दें, रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 15' के सेट से बादशाह और तारा सुतारिया के बीच डेटिंग की खबरें शुरू हुईं। जब शिल्पा शेट्टी ने मजाकिया अंदाज में तारा सुतारिया का नाम लेकर बादशाह को चिढ़ाया था। इस पर रैपर शर्मा गए, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर कयास लगाए जाने लगे कि तारा और बादशाह एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

## 2023 में हुआ था तारा और आदर का ब्रेकअप

बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

## सारा अली खान को भी डेट कर चुके हैं वीर

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के नाती वीर पहरिया सारा अली खान को डेट कर चुके हैं। 2018 में एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में सारा अली खान ने इस रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। सारा ने इंटरव्यू में कहा था, वह (वीर) इकलौता लड़का है, जिसे मैंने डेट किया है। उनके अलावा मेरी जिंदगी में कोई ब्वॉयफ्रेंड नहीं रहा।



# मैं इंडिया और हिंदी फिल्मों को बहुत मिस करती हूं

बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' और अब हॉलीवुड की सुपरस्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा के दिल की बात एक बार फिर खुलकर सामने आई है। भले ही वो हॉलीवुड में लगातार झंडे गाड़ रही हों, लेकिन उनका दिल अब भी भारत और बॉलीवुड के करीब ही है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद स्वीकार किया कि उन्हें बॉलीवुड की बहुत याद आती है और इस साल वो भारत में एक नई फिल्म की शूटिंग भी शुरू करेंगी। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी हालिया हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रमोशन के दौरान जब भारतीय मीडिया से बात की, तो उन्होंने खुलकर अपनी बात कही। प्रियंका ने बातचीत करते हुए कहा, 'मैं हिंदी सिनेमा को बहुत मिस करती हूं और भारत को भी।' इस बयान ने उनके चाहने वालों के दिलों में उम्मीद जगा दी है कि वो जल्द बड़े पर्दे पर एक बार फिर देसी अंदाज में नजर आएंगी।

## एस एस राजामौली की फिल्म से होगी वापसी

प्रियंका भारत में जिन प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साहित हैं, उनमें सबसे बड़ा नाम निर्देशक एस.एस. राजामौली की आगामी फिल्म SSMB29 का है। इस मेगा बजट फिल्म में उनके साथ साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे सितारे नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो ये एक माइथोलॉजिकल थ्रिलर होगी, जिसकी शूटिंग इस साल की शुरुआत में ओडिशा में शुरू भी हो चुकी है।

## जी ले जरा में भी करेंगी धमाल?

इसके अलावा, प्रियंका फरहान अख्तर की मच अवेटेड फिल्म 'जी ले जरा' में भी नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ को भी कास्ट किया गया है। हालांकि फिल्म की शूटिंग डेट्स को लेकर काफी उथल-पुथल चल रही है, लेकिन मेकर्स अब भी इस प्रोजेक्ट को लेकर आशावान हैं।

## रामायण करने से किया इनकार

प्रियंका को नितेश तिवारी की भव्य फिल्म रामायण के लिए भी अप्रोच किया गया था। लेकिन खबरों के मुताबिक, उन्होंने इस प्रोजेक्ट को मना कर दिया क्योंकि उनके पास पहले से इंटरनेशनल कमिटमेंट्स हैं। इससे साफ है कि प्रियंका फिलहाल अपने शेड्यूल को संतुलित रखते हुए बॉलीवुड में वापसी की योजना बना रही हैं।

## फैंस में जगी उम्मीद

प्रियंका के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनके फैंस में खुशी की लहर दौड़ गई है। 'देसी गर्ल' को फिर से भारतीय पर्दे पर देखने की उम्मीदें अब और प्रबल हो गई हैं। बता दें प्रियंका चोपड़ा आज ग्लोबल लेवल पर एक बड़ा नाम बन चुकी हैं, लेकिन उनका दिल आज भी भारत में ही बसता है। उनके बयान से साफ है कि वो अपने रूट्स को नहीं भूलीं और जल्द ही हिंदी सिनेमा में अपनी वापसी से एक बार फिर तहलका मचाने को तैयार हैं।

# 'मेट्रो इन दिनों' ऑफर होने पर चौंक गई थीं कोंकणा

**फिल्में चुनने में बेहद सजग और अपनी अलग सोच के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस कोंकणा सेन शर्मा जल्द ही अनुराग बसु की फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आ रही हैं। खास बातचीत में कोंकणा ने न सिर्फ इस फिल्म को लेकर अपने अनुभव साझा किए, बल्कि अपने करियर, सोच और निर्देशन के सफर पर भी बेबाकी से बात की।**

जब अनुराग का कॉल आया कि वो मेट्रो इन दिनों बना रहे हैं और मुझे उसमें कास्ट करना चाहते हैं, तो मैं चौंक गई। मुझे नहीं पता था कि वो लाइफ इन अ मेट्रो जैसी किसी फिल्म पर दोबारा काम कर रहे हैं। लेकिन जैसे ही उन्होंने स्क्रिप्ट का जिक्र किया तो दिल से बस एक ही बात निकली- हां। इससे पहले मैंने कभी किसी सीक्वल में काम नहीं किया था और वो भी अनुराग दा के साथ? तो ये मेरे लिए किसी तोहफे से कम नहीं था।

## 17 साल बाद अनुराग बसु के साथ दोबारा काम करने का अनुभव कैसा रहा?

अनुराग दा के साथ काम करना किसी पुरानी दोस्ती में फिर से लौट जाने जैसा था। ना वो बदले, ना मैं। हां, हमारे जीवन में जरूर बदलाव आए। अब मेरा बेटा 14 साल का हो गया है। लेकिन हमारी सोच, जुड़ाव और काम का तरीका, सब वैसा ही रहा। उनके साथ काम करना हमेशा बहुत सहज होता है।

## पंकज त्रिपाठी जैसे कलाकार के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करना कैसा रहा?

पंकज त्रिपाठी के साथ ये मेरी पहली फिल्म थी, और कहना होगा- वो जितने अच्छे एक्टर हैं, उतने ही अच्छे इंसान भी हैं। स्क्रिप्ट में जो ह्यूमर था, उसे वो अपने अंदाज से और भी जिंदा कर देते हैं। उनके साथ काम करते हुए कभी कोई बनावटीपन महसूस नहीं होता। ऐसा लगता है जैसे किसी पुराने दोस्त से बात हो रही हो। उनके अभिनय में जो गहराई और सच्चाई है, वो काबिले-तारीफ है।

## आपने स्क्रीन पर हमेशा गंभीर और गहराई से भरे किरदार निभाए हैं। क्या कभी टाइपकास्ट महसूस किया?

कई बार लोगों ने कहा कि मैं सीरियस किरदार ही ज्यादा करती हूं और शायद करियर की शुरुआत में ही मैं टाइपकास्ट भी हो गई थी। लेकिन बेटे के जन्म के बाद जैसे किरदार मिले, वो ज्यादा अधूरे और असली थे। अब मैं ऐसी महिलाओं का रोल करना पसंद करती हूं जो गलतियां करती हैं और कमजोर हैं क्योंकि वो असली हैं।

## आपने फिल्में भी डायरेक्ट की हैं। एक महिला डायरेक्टर के तौर पर कैसी चुनौतियों का सामना किया?

डायरेक्शन की बात करूं तो, मुझे कभी किसी भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ा। शायद इसलिए क्योंकि मैं पहले से एक जानी-पहचानी एक्ट्रेस थी, लेकिन मेरी फिल्म का विषय थोड़ा असहज था। शायद इसी वजह से कुछ लोग उससे पूरी तरह जुड़ नहीं पाए। फिर भी, मैंने वही फिल्म बनाई जो मैं बनाना चाहती थी, बिना किसी समझौते के। हां, मैं मानती हूं कि इस इंडस्ट्री में और भी ज्यादा महिलाओं को आना चाहिए- डायरेक्शन, लेखन, कैमरा, एडिटिंग हर जगह। क्योंकि जब औरतें कहानियां कहती हैं तो उसमें एक नया नजरिया, गहराई और खास किस्म की ताजगी आती है।






# राम बनाम रावण की अमर कहानी रामायण का हिस्सा बनने पर गर्व है

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल ने डायरेक्टर नितेश तिवारी की आने वाली बड़ी फिल्म रामायण में अपने किरदार भगवान हनुमान को लेकर अपने विचार और अनुभव साझा किए हैं। सनी ने फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि वह ऐसी कहानी का हिस्सा बन रहे हैं, जिसने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया है। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पहला प्रोमो वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मुझे गर्व है कि मैं इस कहानी का हिस्सा हूं, जिसने कई पीढ़ियों को बनाया है। स्वागत है नमित मल्होत्रा की रामायण की दुनिया में, जो राम बनाम रावण की अमर कहानी है। मैं आभारी हूं कि मुझे इस रास्ते पर चलने और आप सबके साथ इसे साझा करने का मौका मिला।

उन्होंने लिखा, आइए इस खास पल को मिलकर मनाएं और साथ में वर्ल्ड ऑफ रामायणा की दुनिया में कदम रखें। यह हमारी सच्चाई है। हमारा इतिहास है। बता दें कि गुरुवार को मेकर्स ने रामायण का प्रोमो वीडियो शेयर किया, जिसमें रावण के अवतार में केजीएफ फेम सुपरस्टार यश की झलक देखने को मिली। वीडियो की शुरुआत भगवान ब्रह्मा, विष्णु और शिव के शक्तिशाली चित्रण से होती है, जो पूरे ब्रह्मांड को चलाते हैं। फिर एनिमेशन के जरिए मुख्य पात्रों को दिखाया जाता है -भगवान श्रीराम के रूप में रणबीर कपूर, माता सीता के किरदार में साई पल्लवी और रावण की भूमिका में यश।

इस प्रोमो वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, दस साल की मेहनत और लगन के बाद, हमने दुनिया के सामने सबसे महान महाकाव्य रामायण को लाने का सपना पूरा किया है। इस फिल्म को बनाने में दुनिया के बेहतरीन लोगों ने मिलकर काम किया है, ताकि रामायण को आदर और सम्मान के साथ दिखाया जा सके। आपका स्वागत हैज आइए मिलकर राम बनाम रावण की अमर कहानी का जश्न मनाएं। फिल्म में लक्ष्मण का रोल रवि दुबे निभा रहे हैं और सनी देओल भगवान हनुमान के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा के रोल में हैं। काजल अग्रवाल मंदोदरी और लारा दत्ता कैकई की भूमिका निभाएंगी। अरुण गोविल इसमें राजा दशरथ बने हैं। फिल्म सिर्फ एक भाग में नहीं, बल्कि दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला भाग दिवाली 2026 में आएगा और दूसरा भाग 2027 की दिवाली पर रिलीज होगा। रामायण को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और आठ बार ऑस्कर जीत चुके वीएफएक्स स्टूडियो डीएनईजी प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में रावण का किरदार निभाने के साथ-साथ यश सह-निर्माता भी हैं। फिल्म करीब 835 करोड़ रुपए के बजट से तैयार हुई है, जिससे यह अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म मानी जा रही है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है और सभी बेसब्री से इसके रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं।



# नोएडा प्राधिकरण के सीईओ का बड़ा एक्शन गोल्फकोर्स का निर्माण कर रही कंपनी पर गिरी गाज



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-151ए में लगभग 114 एकड़ भूमि पर पिछले चार वर्ष से बन रहे अंतरराष्ट्रीय स्तर के गोल्फ कोर्स का निर्माण ठेकेदार की वजह से रुक गया है। हालांकि इसके लिए निर्धारित भूमि में से 22 हजार वर्ग मीटर भूमि अभी भी प्राधिकरण अधिग्रहित नहीं कर पाया है। फिलहाल प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ लोकेश एम ने स्थल निरीक्षण के बाद ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के साथ उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

सेक्टर-151ए में निर्माणाधीन गोल्फ कोर्स का निर्माण कार्य ठेकेदार की वजह से लेट लतीफी का शिकार हो गया है। बताया गया है कि गोल्फ कोर्स का निर्माण कर रहे ठेकेदार के द्वारा इसके साथ-साथ अन्य ठेकों में हिस्सा लेने से वह दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गया है।

प्राधिकरण के उपमहाप्रबंधक सिविल विजय रावल ने बताया कि ठेकेदार कश्यपि इंफ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड को कई बार चेतावनी देने के बावजूद वह काम पूरा करने के लिए तैयार नहीं है। उसके द्वारा प्राधिकरण से शेष भूमि पर कब्जा उपलब्ध कराने का बहाना बना कर निरंतर निर्माण कार्य लटकाया जा रहा है जबकि कब्जा प्राप्त लगभग सौ एकड़ भूमि पर प्रस्तावित निर्माण कार्य ही पूरा नहीं किया गया है।

# किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निस्तारण : राकेश कुमार सिंह



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि क्षेत्र के किसानों से जुड़ी समस्याओं का जल्द निस्तारण किया जाएगा। किसानों की जो भी वाजिब मांगें होंगी उन्हें प्राधिकरण व शासन स्तर से पूरा किया जाएगा।

किसान एकता महासंघ की एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना के नेतृत्व यमुना विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह से यमुना प्राधिकरण के सभागार में भेंट की। किसानों ने नए सीईओ राकेश कुमार सिंह तथा यीडा के ओएसडी शैलेंद्र सिंह को भी अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।

इस दौरान नवनियुक्त सीईओ को प्रतिनिधिमंडल ने लंबित पड़ी क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं से सीईओ के अवगत कराया। यमुना प्राधिकरण सीईओ राकेश कुमार सिंह ने क्षेत्र की सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर रमेश कसाना,देवेंद्र प्रधान, संजय कसाना, मास्टर इंद्रपाल, राजवीर ठेकेदार, विदेश नागर, अरविंद सेक्रेटरी, अमित नागर, डॉ जाफर खान, गिर्राज कसाना,हरेंद्र कसाना, राकेश नागर, नीरज कसाना, रज्जाक ठेकेदार, करतार कसाना, संदीप कसाना, सोनू कसाना सहित दर्जनो उपस्थित रहे।

# मास्टर बशीर अहमद नेताजी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर- 8,9,10, बांस बल्ली तिराहे पर मास्टर बशीर अहमद नेताजी की 24वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन नोएडा रोटरी ब्लड बैंक द्वारा किया गया। शिविर में 25 लोगों ने रक्तदान किया व इस मौके पर बच्चों को फ्रूटी बिस्कुट भोजन भी वितरण किया

जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुजफ्फरनगर शहर कांग्रेस कोडिनेटर दिनेश अवाना एडवोकेट, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष शाहबुद्दीन, युवा कांग्रेस गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर जावेद खान, महासचिव दयाशंकर पांडे, जीशान चौधरी, श्याम दीक्षित, परवेज़, प्रेम शाह, विननू, बिजेंद्र, वीरो देवी, अहमद, आरएल शर्मा, ओसामा, इकरार नवी, आकाश राठोर, अशरफ़, मुखिया, अमजत हुसैन कल्लू, उपदेश श्रीवास्तव, मोहम्मद जमीर, जियाहक, सिराज, अनीश, आलम व अन्य लोग मौजूद रहे।

# रालोद बनाएगी एक करोड़ नए सदस्य

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) द्वारा देशभर में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने नोएडा मीडिया क्लब, सेक्टर-29 में प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह से शुरू हुआ यह अभियान वर्तमान में देश के 14 राज्यों में सक्रिय रूप से चल रहा है और पार्टी का लक्ष्य है कि देशभर में एक करोड़ नए सदस्य बनाए जाएं। प्रेसवार्ता में श्री त्यागी ने बताया कि पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वह कम से कम 20 लोगों को पार्टी से जोड़ें। जो सदस्य 20 से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ेगा, वही पार्टी का सक्रिय सदस्य माना जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अक्टूबर माह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव प्रस्तावित है, जिसके पहले सदस्यता अभियान को सफल बनाना प्राथमिकता है।



त्रिलोक त्यागी ने कहा कि आज देशभर, खासकर नोएडा व आसपास के क्षेत्रों में किसान कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं। रालोद इन समस्याओं को केंद्र एवं राज्य सरकार के समक्ष जोरदार तरीके से उठाएगा और किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलकर सरकार से शीघ्र समाधान की मांग करेगा।

प्रेसवार्ता के दौरान नोएडा महानगर अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, युवा महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गौरव आज़ाद, राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत डौला, प्रदेश महासचिव हेमा पाठक, मंडल अध्यक्ष इन्दरवीर भाटी, जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी, अंशुमान आनंद, यशवीर भाटी, सुनील पांडेय, नोएडा उपाध्यक्ष विजय भाटी, अभिषेक त्यागी, क्षेत्रीय महासचिव निशांत भाटी, युवा उपाध्यक्ष गंधर्व त्यागी एवं पवन सिंह आदि शामिल रहे।

# हज पर जाने वालों के लिए जारी किए गए दिशा-निर्देश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पवित्र हज पर जाने के इच्छुक लोगों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। हज-2026 पर जाने वालों के लिए पासपोर्ट की वैद्यता 31 दिसंबर 2026 तक होनी चाहिए।

सचिव/ कार्यपालक अधिकारी उ0प्र0 राज्य हज समिति मौलाना अली मियां मेमोरियल हाउस सरोजनी नगर लखनऊ के निर्देशों पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौतमबुद्धनगर युक्ति पाण्डेय ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई के सर्कुलर-1 जो बीते 26 जून को जारी किया गया था उसमें हज-2026 के लिए निर्देश व समय सीमा निर्धारित की गयी हैं।

उन्होंने बताया कि हज-2026 में यात्रा करने के इच्छुक समस्त व्यक्ति हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुसार अपने पासपोर्ट सहित अन्य सभी आवश्यक तैयारियों, जैसे, पासपोर्ट की वैधता, मशीन पठनीयता तथा सरनेम/लास्ट नेम की पूर्णता आदि, समय से सुनिश्चित कर लें।

### दिशा-निर्देश व समय-सीमा

- हज-2026 की अधिकारिक घोषणा जुलाई, 2025 में सम्भावित है।
- हज-2026 हेतु पासपोर्ट मशीन पठित होना आवश्यक है। हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होगा।
- हज-2026 के आवेदन हेतु पासपोर्ट की वैद्यता 31 दिसम्बर, 2026 तक होना आवश्यक है।
- जो इच्छुक आवेदक हज-2026 की यात्रा हेतु नये पासपोर्ट का आवेदन कर रहे हैं, उनको सलाह दी जाती है कि नुसुक पोर्टल की आवश्यकताओं के अनुरुप अपने पासपोर्ट में सरनेम / लास्ट नेम का कॉलम खाली न छोड़ें।

# कंचनजंगा आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष बने चंदन सिंह



**नोएडा ( चेतना मंच )।** कंचनजंगा आरडब्ल्यूए सेक्टर-53 के चुनाव में विपक्ष से किसी प्रत्याशी के नामांकन नहीं करने पर चंदन सिंह के पैनल को निर्विरोध चुन लिया गया।

इसमें अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों पर निम्नलिखित सदस्य चुने गए।

अध्यक्ष चंदन कुमार, उपाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा, महासचिव श्रीमती पुष्पा साह, संयुक्त सचिव श्रीमती बिमला राजोरा, कोषाध्यक्ष पवन कुमार तिवारी, ब्लॉक प्रतिनिधि डॉ. अभय चांदना (ब्लॉक-सी), श्रीमती ऋचा पांडे (ब्लॉक-ई), मृणाल मिश्रा (ब्लॉक-एफ), श्रीमती दीपा जोशी (ब्लॉक-जी) शामिल हैं।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर राष्ट्रनायक को किया नमन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा महानगर भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रभक्त, प्रखर शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धा एवं प्रेरणा के साथ मनाई गई। यह आयोजन नोएडा महानगर के सभी आठों मंडलों में विविध कार्यक्रमों के माध्यम से संपन्न हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया।

मुख्य कार्यक्रम भाजपा कार्यालय सेक्टर-116 में आयोजित हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह एवं नोएडा महानगर भाजपा के जिला अध्यक्ष महेश चौहान की उपस्थिति रही। दोनों नेताओं ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान को स्मरण किया। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था। उन्होंने अनुच्छेद 370 का विरोध करते हुए जो बलिदान दिया, वह आज भी प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है।





इस अवसर पर नेताओं ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत अपनी माताओं की स्मृति में एक-एक पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। यह पहल मातृ वंदन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बनी।

कार्यक्रम में सभी मंडलों के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र सिंह तोमर, सह संयोजक अशोक राय एवं उपदेश तिवारी, निधि त्यागी , डिंपल आनंद, राजेंद्र अवाना, अमित त्यागी, ओमवीर अवाना, भूपेश चौधरी, मनोज सिंह, रामकिशन यादव नमिता चौबे और सभी मंडलों में गौतम शर्मा दीनबंधु कुशवाहा शशिधर उपाध्याय मनीष तिवारी सत्यनारायण महावार नीरज चौधरी प्रदीप चौहान इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुद्ध सांसद डॉ. महेश शर्मा उपस्थित रहे। डॉ. महेश शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र के प्रति समर्पण, विशेष रूप से अनुच्छेद-370 के विरोध में दिए गए ऐतिहासिक बलिदान को रेखांकित किया। शहीद भगत सिंह मंडल में डॉ. वी एस चौहान, सैनिक विहार मंडल में पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, सरस्वती शिशु मंडल में पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विमला बॉथम, कृष्ण नगर मंडल में हरीश चंद्र भाटी, महाराणा प्रताप मंडल में विनोद त्यागी, अटल बिहारी बाजपेई मंडल में जुगराज चौहान उपस्थित रहे। सभी मंडलों में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत सभी मंडलों में वृक्षारोपण भी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण व मातृवंदना का प्रतीक रहा।

# एमिटी विवि. में फाइनल वर्ष के नये सत्र का प्रारंभ



**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय में फाइनल वर्ष के छात्रों के नये सत्र का प्रारंभ एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह और एमिटी साइंस टेक्नालॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती द्वारा सैकड़ों छात्रों के साथ हवन करके किया गया।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि जब से एमिटी संस्थान प्रारंभ हुआ है यहां हवन के साथ दिन का प्रारंभ होता है जिससे हम ईश्वर के प्रति हम अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करते है। एमिटी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. चौहान के दूरदृष्टिकोण और मार्गदर्शन में हम हर छात्र को सफलता की कहानी बनाने के लिए प्रयासरत है और छात्रों के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करते है।

एमिटी में हम हर छात्र पर विशेष ध्यान देते है और छात्रों को ना केवल सफल बल्कि एक अच्छे नागरिक की भूमिका में राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने के लिए तैयार करते है।

एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह ने कहा कि प्रार्थना में छिपी हुई शक्ति और विशेषकर आपके अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा आपकी सफलता के लिए की गई प्रार्थना आपको जीवन में उपलब्धियों को हासिल करने में सहायक होगी।

कार्यक्रम में एमिटी विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा संजीव बंसल, डा चंद्रदीप टंडन और डा सुनिल खत्री सहित एमिटी लॉ स्कूल के चेयरमैन डा डी के बंधोपाध्याय, डा के एम सोनी आदि उपस्थित थे।

